जबलपुर शनिवार 15 अगस्त 2026 > शक संवत 1948, श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष 32 अंक 49 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

## आइए संकल्प लें...

विशेष संपादकीय
राजेन्द्र मिश्रा

प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त का दिन हमारे लिए, केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उस आत्ममंथन का अवसर है जो हमें बताता है कि हम कहां से चले थे और कहां पहुंचना है। इस वर्ष हम अपनी स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह वह दिन है जब सदियों की गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर भारत ने खुली हवा में सांस ली थी। अनगिनत ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के परिणामस्वरूप हमें यह स्वराज प्राप्त हुआ था। आज का दिन उन सभी हुतात्माओं को नमन करने और उनके सपनों के भारत के निर्माण की प्रतिज्ञा को दोहराने का है। आजादी का मतलब केवल विदेशी शासन से मुक्ति पाना नहीं था, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय, और समान अवसर प्रदान करना था। इन सात दशकों में हमने लोकतंत्र की जड़ें मजबूत की हैं और हर क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है– चाहे वह कृषि हो, अंतरिक्ष विज्ञान हो, सूचना प्रौद्योगिकी हो या बुनियादी ढांचा। स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि हम केवल अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें, बल्कि इसका अर्थ यह भी है कि हम अपने राष्ट्र और समाज के प्रति कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और वैश्विक मंच पर एक निर्णायक आवाज बन चुका है। डिजिटल क्रांति और युवाशक्ति ने देश को एक नई गति दी है। भले ही हमने विकास के कई मील के पत्थर छू लिए हैं, लेकिन अभी भी कुछ मोर्चों पर कड़ी मेहनत बाकी है। विकास का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पूरी तरह पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना सशक्त राष्ट्र की नींव है। इस स्वतंत्रता दिवस पर हमें केवल उत्सव तक सीमित न रहकर, आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। देश की एकता, अखंडता और भाईचारा ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आइए, इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर देश के निर्माण में अपना योगदान देंगे, संविधान के मूल्यों की रक्षा करेंगे और एक ऐसे आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण करेंगे जिसका सपना हमारे वीर सेनानियों ने देखा था। जय हिन्द, जय भारत।

### राष्ट्रपति मुर्मू का देश के नाम संदेश

# सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित का कदम

नई दिल्ली

80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ ही घंटों बाद भारत की आजादी के 80वें साल की शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने हर नागरिक से देश के लिए जागरूक रहने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। अपने भाषण में उन्होंने देश की तरक्की, संविधान, विदेश नीति, सरदार पटेल, सिंधु जल संधि और सरकार की कई योजनाओं के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले भारतीय स्वतंत्रता दिवस का त्योहार खुशी के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को



अपने सपनों को पूरा करने के साथ देश सर्वश्रेष्ठ बनाने में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश की तरक्की में योगदान देना ही आजादी की असली कीमत है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों, मजदूरों और किसानों की मेहनत की तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने काम से देश को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि न्याय व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि पैसे या संसाधनों की कमी के कारण किसी को न्याय से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित में है। खासकर किसानों के लिए यह एक बड़ा और निर्णायक कदम है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारा संविधान जनता की भागीदारी पर आधारित है। देश के लोग इस भावना को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताया। राष्ट्रपति ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की भी बात की। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर शरणार्थी बनना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोड़ी।

### देश के हित में है भारत की विदेश नीति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत की विदेश नीति देश के हित को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। आर्थिक सहयोग बढ़ाने और दूसरे देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने के लिए भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों में भारत आगे बढ़कर काम कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रपति ने पर्यावरण को बचाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्राकृतिक संसाधनों की कमी का सामना करना पड़े। पर्यावरण की रक्षा करना हमारी परंपरा का हिस्सा है।

### 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता मिली है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत करीब 59 करोड़ लोग बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ चुके हैं। इनमें 32 करोड़ से ज्यादा महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था की गई है। इससे उनकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 60 करोड़ लोगों को हर साल पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

### सरदार पटेल ने 550 रियासतों को जोड़ा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह भी कहा कि पिछले साल मराठा सैन्य परंपरा से जुड़े 12 किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था। इस साल भगवान बुद्ध के पहले उपदेश स्थल सारनाथ को भी यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में जगह मिली है। राष्ट्रपति ने सरदार वल्लभभाई पटेल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ था, तब 550 से ज्यादा रियासतों को भारत से जोड़ना बड़ी चुनौती थी। सरदार पटेल ने इन रियासतों को भारत में मिलाया। राष्ट्रपति ने लौहपुरुष सरदार पटेल को नमन करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया।



# राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

### वीर सावरकर के खिलाफ टिप्पणी मामले में मानहानि का केस रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत देते हुए, वीर सावरकर पर दिए गए उनके बयान को लेकर दर्ज आपराधिक मानहानि की शिकायत और निचली अदालत के समन को रद कर दिया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की बेंच ने यह फैसला मामले में आवश्यक कानूनी मंजूरी न मिलने के आधार पर सुनाया है। बेंच ने कहा, यूपी सरकार द्वारा दायर हलफनामे में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल और शिकायतकर्ता के वकील ने बताया है कि मंजूरी का कोई जिक्र नहीं है। इस स्थिति को देखते हुए, शिकायत और मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश रद किए जाते हैं। दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा कार्यवाही को रद करने से इनकार करने के बाद राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। मामले पर शुक्रवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस दत्ता ने पूछा कि क्या राज्य सरकार ने केस चलाने की मंजूरी दी है। इस पर राज्य की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने जवाब दिया कि नहीं कोई मंजूरी नहीं दी गई है। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस दत्ता ने कहा कि मामले का संज्ञान लेने से पहले मंजूरी जरूरी है। अगर मंजूरी नहीं है तो मामला वहीं खत्म हो जाता है। इसके बाद बेंच ने मामला रद करने का आदेश दिया।

### पुलिस-फायर सर्विस के 301 कर्मियों को गैलेंट्री अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पुलिस, फायर सर्विस, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और जेल सेवाओं के 1,057 कर्मियों को गैलेंट्री और सर्विस मेडल देने का ऐलान किया है। इनमें 301 गैलेंट्री मेडल, 92 प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस और 664 मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस शामिल हैं। सीबीआई के 21 अधिकारियों और कर्मचारियों को भी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। कुल 301 गैलेंट्री मेडल में 272 पुलिसकर्मी और 29 फायर सर्विस कर्मी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 197 कर्मी लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म यानी नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के 51, नॉर्थ-ईस्ट के 12 और अन्य क्षेत्रों के 41 कर्मियों को भी गैलेंट्री मेडल दिया गया

### भारत की सहनशीलता को कमजोरी न समझें : डोभाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने कहा कि भारत की उदारता और



सहनशीलता को कमजोरी नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जोखिम उठा सकता है और नतीजों की परवाह किए बिना कड़ा प्रहार कर सकता है। डोभाल ने यह बात डिस्कवरी की आने वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'डिक्लासिफाइड ऑपरेशन सिंदूर' में कही है। यह ऑपरेशन 88 घंटे चला था और इसका मकसद खास तौर पर पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार दुश्मन के कैंप तबाह करना था।

### 3 सोने की ईंटों के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस यानी डीआरआई की टीम ने शुक्रवार दोपहर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने बायपास स्थित फीनिक्स सिटाडेल के पास घेराबंदी करके सोने की 3 ईंटें जब्त की हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक डीआरआई की टीम को इस इलाके में सोने की डिलीवरी होने की सटीक और पुख्ता सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही डीआरआई की विशेष टीम मौके पर पहुंची और वहां खड़ी एक काले रंग की स्विफ्ट डिजायर कार को चारों तरफ से घेर लिया।

### अवकाश सूचना

15 अगस्त 2026 को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर दैनिक स्वतंत्र मत कार्यालय में अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 17 अगस्त 2026 को प्रकाशित होगा।

– संपादक

# मेरी टिप्पणी का गलत इस्तेमाल हुआ : सीजेआई

### अदालती कार्यवाही की क्लिप वायरल करने पर चिंता जताई

नई दिल्ली

कॉकरोच विवाद पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कहा, 'मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया गया। देश के युवाओं को भटकाने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया।' उन्होंने कहा, 'अदालती कार्यवाही का क्लिप वायरल किया गया। जो बात कही ही नहीं गई, उसे गलत तरीके से पेश किया जाता है। सीजेआई का बयान ऐसे समय आया जब कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन खत्म हो गया है और वह जंतर-मंतर 2.0 शुरू करने की



योजना बना रही है। दरअसल जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान, फर्जी डिग्री वाले कुछ व्यक्तियों की तुलना कॉकरोच से की थी। इसके बाद अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी बनाई थी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'न्यायिक कार्यवाही में पारदर्शिता जरूरी है, लेकिन इसका व्यावसायिक फायदा नहीं उठाया जाना चाहिए। न्यायपालिका में पारदर्शिता होनी चाहिए। इसलिए, हमने सुप्रीम कोर्ट में लाइव स्ट्रीमिंग शुरू की। लेकिन लाइव स्ट्रीमिंग का गलत इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा, खास तौर पर इसका व्यावसायिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। लोग छोटे-छोटे क्लिप अपने निजी फायदे और व्यावसायिक लाभ के लिए गलत तरीके से इस्तेमाल करते हैं। यह बंद होना चाहिए।



# सीएम का ऑन-द-स्पॉट एक्शन

**मंच से डिप्टी कलेक्टर समेत 7 अफसर-कर्मचारी सस्पेंड**

**बड़वानी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बड़वानी में जन विश्वास अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बड़ा प्रशासनिक एक्शन लिया। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने एक डिप्टी कलेक्टर (तत्कालीन तहसीलदार), दो पटवारी, दो मुख्य नगरपालिका अधिकारी, एक सहायक यंत्री और एक तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी समेत 7 अफसर-कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंच से कहा कि जनता के काम में देरी और लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक एस.के. सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनसमस्याओं का निराकरण तय समय सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। राजपुर तहसील में पीएम किसान सम्मान निधि के पंजीयन और भुगतान में देरी की शिकायत सामने आई थी। समीक्षा में शिकायत लंबित मिलने पर आशा परमार तथा दोनों पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राजपुर नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही पाए जाने पर दोनों सीएमओ और सहायक यंत्री के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### उत्तराखंड के चमोली में टनल में पानी भरा, 7 मौतें

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में चमोली जिले के पीपलकोटी में गुरुवार शाम करीब 7 बजे निर्माणाधीन टनल में पानी और मलबा भर जाने से 7 लोगों की मौत हो गई। 3 अभी भी टनल में फंसे हैं, जिन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। टनल में कुल 22 लोग फंसे थे। इसमें 12 मजदूरों को निकाल लिया गया है। वहीं, घायलों से मिलने जा रहे गढ़वाल सीट से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी की चलती कार पर पहाड़ से एक बोल्डर गिर गया। इससे कार का अगला हिस्सा डैमेज हो गया और हेडलाइट टूट गई। हालांकि, हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। यूपी के कई जिलों में तेज बारिश हो रही है। कानपुर में गंगा का पानी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है।



# भगोड़े बसोया को भारत वापस लाना बड़ी कामयाबी: गृह मंत्रालय

नई दिल्ली (वार्ता)

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशीले पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए यहां सरोजिनी नगर इलाके में पिलंजी के रहने वाले और वांछित भगोड़े वीरेंद्र सिंह बसोया उर्फ वीरू उर्फ बसोया को भारत वापस लाने में कामयाबी हासिल की है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि बसोया को सुबह इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचने पर उसे हिरासत में ले लिया गया। ब्यूरो के अनुरोध पर जारी इंटरपोल रेड नोटिस के आधार पर बसोया को इस वर्ष जून में संयुक्त अरब अमीरात में गिरफ्तार किया गया था। भारतीय एजेंसियों ने अमीरात के अधिकारियों के साथ लगातार तालमेल बिठाकर उसकी भारत वापसी सुनिश्चित की। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार विदेशों में छिपे ड्रग तस्करों




का लगातार पता लगा रही है और कठोर रूख अपनाते हुए उनके पूरे नेटवर्क को खत्म कर रही है। नशीले पदार्थों के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए ब्यूरो ने अमीरात से फ़रार ड्रग किंगपिन वीरेंद्र सिंह बसोया की वापसी सुनिश्चित की। अपराधी का पता लगाने के लिए टॉप टु बॉटम और बॉटम टु टॉप अप्रोच के ज़रिए, हमारी एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि ड्रग तस्कर चाहे कहीं भी छिप जाएं, वे भारतीय क़ानून की पकड़ से बच नहीं सकते।

# सीआरपीएफ के 19 जवानों की मौत का जिम्मेदार कौन

### एनएचआरसी ने गृह सचिव और डीजी से तलब की विस्तृत रिपोर्ट

नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इस वर्ष सीआरपीएफ के 19 जवानों द्वारा की गई आत्महत्या के मामले को अत्यंत गंभीर माना है। इस बाबत आयोग ने केंद्रीय गृह सचिव और डीजी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। दोनों शीर्ष अधिकारियों को दो सप्ताह में यह रिपोर्ट देनी होगी। बल के आधिकारिक डेटा के अनुसार, एनएचआरसी (भारत) ने जनवरी से मई 2026 के बीच 19 सीआरपीएफ जवानों की मौत का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने पाया है कि यदि मीडिया रिपोर्ट की बातें सच हैं, तो ये देश के सबसे बड़े केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में काम करने वाले जवानों के जीवन के अधिकार के उल्लंघन से जुड़े गंभीर मुद्दे हैं।

यही वजह है कि आयोग ने गृह मंत्रालय के गृह सचिव और सीआरपीएफ के महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो हफ्ते के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट



मांगी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में कुल 281 सीआरपीएफ जवानों ने आत्महत्या की है। इनमें से लगभग 216 जवान ड्यूटी पर थे। सीआरपीएफ ने 2021 में 57, 2022 में 43, 2023 में 57, 2024 में 46 और 2025 में 59 आत्महत्याओं के मामले दर्ज किए हैं। बता दें कि सीआरपीएफ, देश का सबसे बड़ा केंद्रीय अर्धसैनिक बल है। लगभग 3.25 लाख कर्मियों वाले इस बल को अहम मोर्चों पर तैनात किया जाता है। आतंकवाद या नक्सल से प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ की बड़े पैमाने पर तैनाती रही है। उत्तर पूर्व के उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में भी सीआरपीएफ और इसकी विशेष इकाई कोबरा को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। बल के पूर्व अफसरों का कहना है कि आयोग की इस पहल ने सीआरपीएफ जवानों की सुरक्षा, मानसिक दबाव, कार्य परिस्थितियों और कल्याण से जुड़े सवालों को फिर से चर्चा में ला दिया है। सीआरपीएफ में आत्महत्या के अलावा सहकर्मी जवान द्वारा साथी जवान पर गोली चलाना, ऐसी घटनाएं भी हो रही हैं। मौजूदा डीजी के कार्यकाल में हुई इन घटनाओं से साबित होता है कि जवानों की बात ठीक से नहीं सुनी जा रही।

हालांकि मौजूदा डीजी, जवानों के साथ लगातार संवाद करते हैं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उनकी दिक्कतों का समाधान करने की कोशिश करते रहते हैं। नियमित तौर पर वे सैनिक सम्मेलन भी करते हैं, लेकिन इसके बावजूद जवानों के मन की बात नहीं समझ पाना, कहीं न कहीं व्यवस्था की कमियों को उजागर करता है। ऐसे में अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या सीआरपीएफ में बढ़ता परिचालन दबाव, लंबे समय तक कठिन परिस्थितियों में तैनाती, मानसिक तनाव और यूनिट स्तर पर उपलब्ध सहायता-व्यवस्थाएं जवानों के मनोबल एवं

## एफसीआरए भारत का आंतरिक मामला और यह संसद का क्षेत्राधिकार

**नई दिल्ली।** विदेशी अंशदान विनियमन विधेयक (एफसीआरए) पर अमेरिका की नाराजगी की रिपोर्ट के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देश से संबंधित विधायी मामले आंतरिक हैं और उन पर भारत की संसद ही निर्णय लेती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा ,जैसा कि मैंने आपको पहले भी बताया है और मैं एक बार फिर



दोहराना चाहता हूं कि भारत से संबंधित विधायी मामले हमारे अपने आंतरिक मामले हैं, जिन पर निर्णय लेने के लिए भारत की संसद है। उनसे सवाल पूछा गया था कि इस तरह की रिपोर्ट हैं कि अमेरिका के उप राष्ट्रपति जे डी वेंस और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इस विधेयक को लेकर सरकार से बात करके अमेरिका का रुख पेश किया था।

# नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को समझने की प्रक्रिया विधि का अध्ययन

### हितकारिणी लॉ कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न



जबलपुर (स्वतंत्र)।

हितकारिणी लॉ कॉलेज में बीएएलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विधि शिक्षा की प्रकृति, महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, विभिन्न अकादमिक गतिविधियों तथा विधि के क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक अवसरों से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र उच्च न्यायालय के निवर्तमान न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी रहे, जबकि हितकारिणी सभा की सभापति सुनयना पटेरिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हितकारिणी लॉ कॉलेज के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की।

#### विद्यार्थी उठाएं शैक्षणिक अवसरों का लाभ

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी ने कहा कि विधि का अध्ययन केवल कानून की

धाराओं और प्रावधानों को याद करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह न्याय, संविधान, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को समझने की प्रक्रिया है। विशिष्ट अतिथि सुनयना पटेरिया ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें।

#### नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हितकारिणी लॉ कॉलेज के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उन्हें महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा और विधि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विधि विद्यार्थी भविष्य में समाज और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उन्हें अपने ज्ञान के साथ-साथ कर्तव्यबोध एवं सामाजिक संवेदनशीलता को भी विकसित करना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विकास सिंह ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि कानून की शिक्षा केवल पुस्तकों में लिखे प्रावधानों को पढ़ने और परीक्षाएं उत्तीर्ण करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह न्याय, संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को समझने का माध्यम है। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक जॉली जैन एवं शिवांगी गोलछा द्वारा प्रभावी एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ भावना वर्मा, अभिषेक नेमा, राजेश सेनए लोकेन्द्र सिंह, प्रशांत वर्मा, यामिनी मिश्रा, अश्विनी दोशी, दीपांकर तिवारी, कीर्ति कोरी, शैली गुप्ता, देवेन्द्र पांडे, सुधांशु जैन, नवीन जैन, रामबाबू आदि एवं बीएएलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मल्लिकार्जुन खड़गे के मंच का शुद्धिकरण करना दलितों का अपमान

### कांग्रेस ने पैदल मार्च निकालकर भाजपा पर साधा जमकर निशाना



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के बाद हुई घटना के विरोध में मप्र में जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान शुक्रवार की शाम को कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी टाउन हॉल पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और रामधुन भजन गाया। दरअसल उत्तराखंड के हल्द्वानी में 8 अगस्त को कांग्रेस खड़गे के कार्यक्रम के बाद हिंदू संगठनों ने उस स्थान का शुद्धिकरण किया, जहां उन्होंने सभा को संबोधित किया था। हिंदू संगठनों ने मंच पर पूजा-पाठ कर शुद्धिकरण किया था। इसी का विरोध किया जा रहा है।

#### देश को किया शर्मसार

कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड में मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ जो कुछ हुआ है, उसने पूरे देश को शर्मसार किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह केवल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान का विषय नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों दलितों, वंचितों और संविधान में विश्वास रखने वाले नागरिकों के सम्मान से जुड़ा सवाल है।

भाजपा की जातिवादी मानसिकता के खिलाफ कांग्रेस का यह संघर्ष सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर जारी रहेगा। पैदल मार्च एवं सत्याग्रह का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय यादव एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने किया।

इस अवसर पर विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, राजेश तिवारी, मधु चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पटेल, सतीश तिवारी, विवेक अवस्थी, सुभाष पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका सोनी आदि उपस्थित रहे।




# तिरंगा यात्रा निकालकर दिया देशभक्ति का संदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वसुंधरा विकास सेवा समिति अध्यक्ष सुनील कुमार जैन एवं वीएलई प्रकाश द्विवेदी के द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें यादव कॉलोनी के पार्षद अनिल शर्मा भी शामिल रहे। हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य सीएससी वीएलई के द्वारा नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज का वितरण कर देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना तथा तिरंगे के प्रति सम्मान और गौरव की भावना जागृत करना है। साथ ही सीएससी वीएलई के माध्यम से सरकार के इस जन-जागरूकता अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना है।

# बीएमडी हितकारिणी शाला में गूंजा देशभक्ति का तराना

### नन्हे कलाकारों ने नृत्य, कविता और अभिनय से बांधा समां



**जबलपुर (स्वतंत्र)।** बाबू मनमोहन दास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दीक्षितपुरा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। शिक्षकों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। पूरे परिसर में देशभक्ति, एकता और राष्ट्र गौरव का वातावरण नजर आया।

समारोह में हितकारिणी सभा के वरिष्ठ सदस्य एवं हितकारिणी विद्या परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. केके हुंका की उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन और आशीर्वचनों ने छात्राओं एवं शाला परिवार का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने छात्राओं को देश के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

#### नन्हे कलाकारों ने प्रस्तुतियों से जीता दिल

समारोह का मुख्य आकर्षण छात्राओं की देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां रहीं। नन्हे छात्रों ने मनमोहक नृत्य, प्रभावशाली भाषण, सुंदर कविताएं और प्रेरणादायक अभिनय प्रस्तुत किए। बच्चों के आत्मविश्वास और शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया और पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से भर गया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने संदेश दिया कि देश का भविष्य इन नन्हे हाथों और उज्ज्वल मनों में सुरक्षित है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में देशप्रेम, एकता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

#### देशभक्ति और गौरव से सराबोर रहा समारोह

पूरे समारोह के दौरान देशभक्ति, एकता और राष्ट्रगौरव की भावना प्रमुख रही। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम में हितकारिणी विद्या परिषद पूर्व समन्वयक नरेश तिवारी, प्राचार्य माधुरी शुक्ला, उपप्राचार्य डॉ. सचिन पेंडेके तथा प्रधानाध्यापिका नमिता सोनी की विशेष उपस्थिति रही। समारोह के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आज मनाया जाएगा आजादी का पर्व, हाई अलर्ट पर पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं सभी सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले में हाई अलर्ट जारी रखते हुए संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष निगरानी की जा रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मालगोदाम, बाजारों, प्रमुख चौराहों तथा अन्य बड़े सार्वजनिक स्थलों पर लगातार सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा टीमों द्वारा डॉग स्क्वॉड एवं बम डिस्पोजल टीम के साथ संदिग्ध वस्तुओं और स्थानों की जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और उनके सामान की जांच के साथ विशेष सतर्कता बरती जा रही है।जिले की सीमाओं एवं प्रमुख प्रवेश मार्गों पर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों पर नजर रखने के साथ पुलिस द्वारा होटल, लॉज और अन्य संवेदनशील स्थानों की भी जांच की जा रही है।हालांकि, शहर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच कुछ थाना क्षेत्रों में पुलिस की रात्रि गश्त को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई इलाकों में रात के समय तीन-तीन सवारियां लेकर युवक तेज रफ्तार में घूमते और शोर-शराबा करते नजर आ रहे हैं। ऐसे मामलों में थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त और प्रभावी चेकिंग बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ थाना स्तर पर रात्रि गश्त, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रहना जरूरी है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को समय रहते रोका जा सके।

# हृदय रोग से ग्रसित 9 माह के विनायक को मिला नया जीवन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुष्मान भारत योजना ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की है। जबलपुर के रांझी क्षेत्र निवासी 9 माह के मासूम विनायक सिंह को गंभीर हृदय रोग से जूझने के बाद मुंबई के प्रतिष्ठित नारायणा हृदयालय में नि:शुल्क और सफल हृदय शल्य क्रिया के जरिए नया जीवन मिला है। जिला प्रबंधक आरबीएसके सुभाष शुक्ला ने बताया कि वेस्टलैंड, खमरिया, रांझी निवासी राहुल सिंह के 9 माह के बेटे विनायक के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम क्षेत्र में पहुंची थी। दल में चिकित्सक डॉ. सौरभ चौरसिया और डॉ. अंजुम अख्तर शामिल थे।जांच के दौरान चिकित्सकों को बच्चे में गंभीर हृदय रोग के लक्षण मिले। टीम ने तत्काल इसकी जानकारी जिला प्रबंधक को दी। इसके बाद जिला अस्पताल के विषय विशेषज्ञों से बच्चे की आवश्यक जांच कराई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. नवीन कोठारी से उपचार के लिए अनुशंसा प्राप्त की गई।बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान और जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने तत्काल आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण, को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक MIG II D/C- 227 श्रीमती सोसम्मा जॉर्ज पिता स्व. वी.ई जॉर्ज को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27.03.2015 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्रीमती सोसम्मा जॉर्ज पिता स्व. वी.ई जॉर्ज का निधन दिनांक 11.05.2026 को हो चुका है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख में उनके पुत्र श्री सजी जॉर्ज पिता स्व श्री वी.ई. जॉर्ज को नॉमिनी नियुक्त किया था उसके आधार पर श्री सजी जॉर्ज पिता स्व श्री वी.ई. जॉर्ज के द्वारा नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दगोहनाका जबलपुर में भवन क्रमांक HIG - 04 श्रीमति नीना जैन पति डा. अशोक कुमार जैन के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2004 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति नीना जैन पति डा. अशोक कुमार जैन ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.07.2007 के माध्यम से श्रीमति शान्ति बाई जैन पति श्री राजकुमार जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमति शान्ति बाई जैन पति श्री राजकुमार जैन द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# बिना मुआवजे के किसानों की जमीन पर सड़क निर्माण पर मप्र हाईकोर्ट सख्त

### डिंडौरी जिले का मामला, कलेक्टर से 3 दिन में मांगा जवाब

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** डिंडौरी जिले में किसानों की निजी भूमि पर कथित रूप से बिना अधिग्रहण प्रक्रिया और मुआवजा दिए सड़क निर्माण किए जाने के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राजस्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने प्रथमदृष्टया राज्य सरकार की कार्यप्रणाली में इंटेलेक्चुअल डिसऑनेस्टी (बौद्धिक बेईमानी) दिखाई देने की टिप्पणी की।मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने डिंडौरी कलेक्टर को व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर को पुराने एवं वर्तमान राजस्व नक्शे के साथ संबंधित खसरों की सीमांकन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना पड़ सकता है।

#### ये है पूरा मामला

दरअसल यह मामला डिंडौरी जिले की बजाग तहसील के ग्राम मोहतरा निवासी अंबिका प्रसाद तिवारी एवं उनके पुत्र जितेन्द्र



तिवारी की याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि उनके नाम खसरा नंबर 1181 में 1.410 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 1106 में 0.11 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि उनकी भूमि पर विधि के अनुसार अधिग्रहण की कार्रवाई किए बिना और मुआवजा दिए बिना नेशनल हाईवे का निर्माण कर दिया गया। इसी कार्रवाई को चुनौती देते हुए उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

#### हेक्टेयर भूमि की कमी दर्शाई गई

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता अभिषेक सिंह ने राजस्व निरीक्षक, करंजिया डिवीजन, गोरखपुर, तहसील बजाग की रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। रिपोर्ट में खसरा नंबर 1181 में 0.192 हेक्टेयर भूमि की कमी दर्शाई गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि उक्त कमी की भरपाई खसरा नंबर 1260 से की जा सकती है। खास बात यह है कि रिपोर्ट के मुताबिक जमीन की यह कमी पांच वर्ष से अधिक समय से चली आ रही है। सरकार की ओर से पेश एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया कि ग्राम मोहतरा का पुराना सर्वे नंबर 107, जिसका रकबा 7.89 हेक्टेयर है, पुराने राजस्व अभिलेख में सरकारी सड़क के रूप में दर्ज था और वर्तमान अभिलेख में भी सड़क के रूप में दर्ज है। इसी भूमि पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा सड़क निर्माण किए जाने की बात रिपोर्ट में कही गई।

#### व्यक्ति गत शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश

मामले की सुनवाई के दौरान राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि और मौके पर निर्मित सड़क की स्थिति को लेकर उठे सवालों पर मप्र हाईकोर्ट ने विस्तृत दस्तावेज तलब किए हैं। कोर्ट ने डिंडौरी कलेक्टर को पुराने एवं नए राजस्व नक्शे और संबंधित खसरों की सीमांकन रिपोर्ट के साथ व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट की सख्त टिप्पणी और दस्तावेज तलब किए जाने से अब यह स्पष्ट करना प्रशासन की जिम्मेदारी होगी कि सड़क का निर्माण वास्तव में किस भूमि पर हुआ, राजस्व अभिलेखों में दर्ज स्थिति क्या है और यदि किसानों की निजी भूमि प्रभावित हुई है तो उसके अधिग्रहण एवं मुआवजे की विधिक प्रक्रिया का पालन किया गया था या नहीं। मप्र हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डिंडौरी कलेक्टर से 3 दिन के भीतर जवाब और आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है।






समस्त देशवासियों को
भारतीय स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
15 अगस्त 2026
CREATIVE INTERNATIONAL ACADEMY
Kinhi (Farm)
शिक्षा के साथ संस्कार, सफलता की ओर हर कदम
Mob : 9669913196, 9826320998
Email : ciakinhi2025@gmail.com
Website : creativeinternationalacademy.in
Kinhi, Tahsil Khairlanji, Distt. Balaghat, MP 481337

---

वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा के क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र मोदी
डॉ. मोहन यादव
प्रदीप जायसवाल
(गुड्डा भैया)

---

पाली एकेड्मिक इंस्टीट्यूशन
की ओर से सभी क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई...
श्रीमती
वंदना वैद्य
संचालक
पाली एकेड्मिक इंस्टीट्यूशन / डी.एड.,बी.एड. कॉलेज
बिसोनी, लांजी, जिला बालाघाट (म.प्र.)

---

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सीबीएसई एवं मध्यप्रदेश बोर्ड से मान्यता संस्था
विवेक ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल बालाघाट
श्रीमती लता एलकर
संचालिका
प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारीगण
विवेक ज्योति डी.एड./बी.एड. कॉलेज बालाघाट

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नित्यानंतम एल.
वनमंडलाधिकारी, दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट
यशपाल मेहरा — एसडीओ, कटंगी
गणेश उइके — एसडीओ, बालाघाट
कृष्णम प्यासी — रेंजर, लौगुर
सुरेन्द्र शेण्डे — रेंजर हट्टा,किरनापुर
हिमांशु राय — रेंजर, बालाघाट
बाबूलाल चढ़ार — रेंजर, कटंगी
डी.एस. वासनिक — रेंजर,खैरलांजी
सपन ताम्रकार — रेंजर, पश्चिम लांजी
छत्रपाल जादौन — रेंजर, वारासिवनी/लालबर्रा
अध्यक्ष/सचिव - ग्राम वन सुरक्षा समिति

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रेशम सिंह धुर्वे
वन मण्डलाधिकारी, उत्तर सामान्य वन मंडल बालाघाट
तरूण डहेरिया — एसडीओ, उकवा
विनिता फुलबेले — एसडीओ, बैहर
राजेश कुमार पांडे — रेंजर, बालाघाट
प्रियंका मरकाम — रेंजर, उकवा
आशुतोष सिंह — रेंजर,उकवा/बिरसा
देवेन्द्र रंगारे — रेंजर, लामता
कृष्ण कुमार नामदेव — रेंजर- पूर्व व पश्चिम बैहर
अध्यक्ष/सचिव - ग्राम वन सुरक्षा समिति

---

क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री दादाबाड़ी जैन
हा. से. स्कूल बालाघाट
सुभय वैद्य — अध्यक्ष
शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ
राजेश जैन — सचिव
सुश्री अल्का चौधरी — प्राचार्य
पता:- इतवारी गंज, बालाघाट

---

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय खनिज मजदूर संघ
मलाजखंड संविदा मजदूर संघ
दंतराज पटले — अध्यक्ष
हेमंत भगत — महासचिव
एवं समस्त मजदूर संघ

---

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
इंग्लिश एंड हिन्दी मीडियम
मोंटफोर्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल गर्राटोला, बिरसा
प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारीगण व स्टाफ
जय हिन्द! जय भारत!

---

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
संजय सिंह कछवाह — अध्यक्ष, जिला राजपूत क्षत्रिय सभा
राजेश पाठक — अध्यक्ष, जिला ब्राह्मण समाज
समाजसेवी
विनीत: बांदा कंपनी वारासिवनी,बालाघाट

---

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आओ मिलकर देश को और मजबूत बनाएं
विनय गुप्ता
(मुन्ना गुप्ता)
अध्यक्ष
दोसर वैश्य समाज, कटंगी

---

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
राजा भोज शासकीय महाविद्यालय
कटंगी, बालाघाट (म.प्र.)
अनिल शेंडे
प्राचार्य
सर एवं समस्त स्टाफ

---

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं... बधाईयाँ...
बद्रीलाल जितेंद्र कुमार अग्रवाल
अनाज, तिलहन एवं बीजोत्पादन के व्यापारी एवं कमीशन एजेंट
सम्बंधित फर्म - श्याम बाबा ट्रेडर्स, कटंगी
जितेंद्र अग्रवाल, मो. 09893746909, 09424379909
बसंत अग्रवाल, मो. 09893746911, 08770915424
दीपक अग्रवाल, मो. 09424869909

---

नगर परिषद कटंगी
समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती धर्मकला कामराज देशमुख
समस्त पार्षदगण

---

समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की कोटि कोटि बधाईयां..
श्रीमती केशर बिसेन
आशुतोष बिसेन

---

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु
पुष्पेन्द्र देशमुख
अध्यक्ष
कोषाध्यक्ष जिला सरपंच संघ एवं सरपंच ग्राम पंचायत दुधारा

---

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी.एल.उइके
कार्यपालन यंत्री
वी.के.तिवारी — सहायक यंत्री वारासिवनी व लालबर्रा
सत्यम पटेल — सहायक यंत्री बालाघाट व बैहर
विनोद कुंभरे — सहायक यंत्री, कटंगी
रविन्द्र हटेवार — सहायक यंत्री, लांजी
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फूलसिंह मालवीय
उपसंचालक कृषि
जिला कृषि विभाग, बालाघाट

---

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरीश कोरी
जिला प्रबंधक
नागरिक आपूर्ति निगम बालाघाट

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेश बाथम
जिला परिवहन अधिकारी

---

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
खाद्य आपूर्ति विभाग बालाघाट
संत कुमार भलावी — जिला आपूर्ति अधिकारी
पहल सिंह वलाड़ी — सहा. आपूर्ति अधिकारी
कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी
आकाश श्रीवास्तव
मिलन तिवारी
अभिनी देशमुख
तुषार सिंह
निलरिका अवस्थी
शिवम मार्को
समस्त स्टाफ खाद्य आपूर्ति विभाग बालाघाट

---

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डी.पी. राय
मैंगनीज माईन पाढ़रवानी (मिरगपुर)
एस.के. जाफर — माईन मैनेजर
राहुल सिंह — माईन ऑनर प्रतिनिधी
एवं समस्त माईन स्टॉफ पाढ़रवानी

---

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी
वन परिक्षेत्र गढ़ी
बफर जोन, कान्हा टाइगर रिजर्व

---

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
डॉ. घनश्याम परते
उपसंचालक
पशु चिकित्सा विभाग बालाघाट

---

क्षेत्रवासियों एवं पालकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सनराइज मॉडल स्कूल
चांगोटोला
मनोज गुप्ता
संचालक
प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
टी.एस. जोहरे
महाप्रबंधक
श्रीमती माया परते
महाप्रबंधक
पीएम ग्रामीण सड़क योजना ईकाई 1 एवं 2

---

जिलेवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एन.डी. चौकीकर
जिला पंजीयक अधिकारी
एम.एस.मसराम
उप पंजीयक
जिला पंजीयक कार्यालय बालाघाट

---

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला शिक्षा विभाग बालाघाट
श्रीमती धनश्री जैन
जिला शिक्षा अधिकारी
जी.पी. बर्मन
डी.पी.सी.
जिला शिक्षा केन्द्र, बालाघाट

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पेसिफिक मिनरल्स बालाघाट
व्ही.एन.राय
संचालक
खनिज देश की धरोहर है, इसकी रक्षा करें।।

---

स्वतंत्रता दिवस अमर रहे...
नगर परिषद बैहर जिला बालाघाट द्वारा राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं क्षेत्र के नागरिकों से अपील हैं..
. नप के करों का भुगतान समय पर करें. अपने घरों का कचरा निकाय वाहन में ही डालें. .समग्र पोर्टल पर अपना व अपने परिवार का आधार ईकेवायसी करें.
. जन्म-मृत्यु विवाह का पंजीयन अवश्यक समय पर करायें.
.जल का दुरुपयोग ना होने दें. पालिथिन का प्रयोग न कर स्वच्छता बनाए.
श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम — अध्यक्ष
सुनील धार्वे — उपाध्यक्ष
हितेश हालमारे — मुख्य नगर पालिका अधिकारी
एवं समस्त पार्षदगण/अधिकारी/कर्मचारीगण नगर परिषद बैहर

---

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जय श्री बालाजी कम्पनी बालाघाट

---

क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्कर्ष विद्यालय
गढ़ी, बैहर
शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ
अमीन चार्ल्स
संचालक

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
देवेन्द्र सुंद्रियाल
जिला कार्यक्रम अधिकारी
लकेश उके- परियोजना अधिकारी खैरलांजी
कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, बालाघाट

---

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आइडियल पब्लिक स्कूल
चंदोरी वारासिवनी
:: डायरेक्टर:: अब्दुल रब कुरैशी
पता: वार्ड नम्बर 8, चंदोरी, वारासिवनी

---

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
साकेत पब्लिक हायर सेंकडरी स्कूल लांजी
संतोष मोरघड़े
संचालक
प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारीगण
पता:- भिलाई रोड़ लांजी, जिला-बालाघाट

---

जय गुरु देव
जय महर्षि
संविधान, उन चरणों में कोटि-कोटि नमन, यही है सच्चा हिंदुस्तान।
79वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महर्षि विद्या मंदिर स्कूल
समनापुर रोड़ बालाघाट (म.प्र.)

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चक्रवर्ती पब्लिक स्कूल बैहर
डी.एल. चक्रवर्ती
संचालक
प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
हायर सेकेण्डरी स्कूल बालाघाट
शांतराम पांचे
प्राचार्य
शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण
पता: सरस्वती नगर, बालाघाट

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वैदिक कॉन्वेंट
हायर सेकेंड्री स्कूल
पाढ़रवानी, लालबर्रा
टी.के. तुरकर
संचालक
शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण
पता: वार्ड नं. 12, पांढरवानी रोड़ लालबर्रा

---

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ
संचालक
इंजी. जितेन्द्र कुमार भोण्डेकर
सार्थक पब्लिक स्कूल
किरनाई मंदिर के पास किरनापुर

---

नगरीय क्षेत्र लांजी के प्रिय नागरिकों
मध्यप्रदेश के अमर शहीदों को नमन करते हुए
15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाओं, के साथ
नगर परिषद लांजी द्वारा अपील की जाती है कि....
1. स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर/वार्डों में साफ-सफाई रखने में सहयोग एवं डस्टबीन का उपयोग अपेक्षित।
2. सम्पत्तिकर/जलकर एवं अन्य कर नियमित रूप से प्रतिवर्ष जमा कर नगर विकास में सहयोग अपेक्षित।
3. हरित अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधा रोपण हेतु सहयोग अपेक्षित।
श्रीमती रेखा कालबेले — अध्यक्ष
श्री संदीप रामटेककर — उपाध्यक्ष
श्री मयूर वाहने - मुख्य नगरपालिका अधिकारी
समस्त पार्षदगण एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण
नगर परिषद लांजी, जिला बालाघाट

---

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जैनेन्द्र कटरे
भाजयुमो नगर अध्यक्ष,बालाघाट

---

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द
अधिवक्ता संजय खोबरागडे
(संविधान रत्न/ भीम रत्न से सम्मानित)
एकता, अखंडता और संविधान के प्रति समर्पण हमारा प्रण

---

A Passion to Contribute to the Nation's Development
देश की उन्नति में सतत हमकदम
राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मॉयल MOIL
मॉयल लिमिटेड
बालाघाट खान
भारत सरकार का मिनी रत्न श्रेणी-1 उपक्रम
इस्पात को शक्तिशाली बनाएं

---

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शहीद पार्क
15 अगस्त 2026
निवेदक : नगर पालिका परिषद, बालाघाट (म.प्र.)

---

Malanjkhand Copper Project
HINDUSTAN COPPER LIMITED
(The Copper Miner to the Nation)
A GOVT OF INDIA ENTERPRISE
Heartiliy Congratulates the Citizens of India on the occasion of 80th Independence Day 2026

# श्री सिद्धेश्वर धाम में हरियाली पर अनुष्ठान

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

जिले के सुरंगदेवरी स्थित सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र श्री सिद्धेश्वर धाम में सावन माह की हरियाली अमावस्या के दुर्लभ संयोग पर भव्य हवन-पूजन एवं विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में न केवल जिले से बल्कि दूर-दराज के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और धर्म लाभ अर्जित किया जानकारी अनुसार सिद्धेश्वर धाम के साईं भक्त पंडित ललित नारायण मिश्रा के सानिध्य में तड़के पांच बजे से ही धाम में धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला आरंभ हो गया था। यह भव्य आयोजन धाम के समीप स्थित देव बप्पा आश्रम, सुरंगदेवरी में विराजित संकटमोचन श्री हनुमान महाराज और माँ भगवती के पवित्र दरबार में किया गया। क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, चहुंमुखी उन्नति और आम जनमानस को उनकी व्यक्तिगत तथा शारीरिक परेशानियों से निजात दिलाने के महान उद्देश्य से एक वृहद यज्ञ का आयोजन हुआ यज्ञ वेदी में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था की आहुतियां डालीं।



इस दौरान पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और धार्मिक जयकारों से गुंजायमान हो उठा जिससे समूचा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और सकारा त्मक ऊर्जा से भर गया सिद्धेश्वर धाम से जुड़े शिष्यों और श्रृद्धालुओं ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन धाम में समय-समय पर ऐसे जन-कल्याणकारी और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर रूप से किया जाता रहता है। इस दरबार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ आने वाले दुखी, बीमार और पीड़ित श्रृद्धालुओं की तकलीफों का तत्काल निवारण किया जाता है। विशेष अवसरों पर पंडित ललित नारायण मिश्रा द्वारा की जाने वाली सटीक भविष्यवाणियों के माध्यम से लोगों को अपने जीवन के गहरे संकटों, बीमारियों और पारिवारिक झंझटों से उबरने का सही व सटीक मार्ग मिलता है। यही कारण है कि इस सिद्ध केंद्र पर आम लोगों की अगाध और अटूट आस्था जुड़ी हुई है कष्ट निवारण के लिए किए गए इस विशेष अनुष्ठान के विधिवत समापन के बाद श्री हनुमान जी महाराज की भव्य महाआरती की गई इस महाआरती में उपस्थित सभी भक्तों ने एक स्वर में सम्मिलित होकर प्रभु की आराधना की और आशीर्वाद मांगा। धार्मिक कार्यक्रम के सफल समापन के बाद उपस्थित भक्तों और श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया।

## बीएसएनएल ने शुरू की विशेष फ्रीडम 2.0 योजना

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष फ्रीडम 2.0 योजना शुरू की है। यह ऑफर 12 अगस्त से 12 सितंबर तक उपलब्ध रहेगा। योजना के तहत ग्राहकों को किफायती दरों पर इंटरनेट और मनोरंजन से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बीएसएनएल मंडला के सहायक महाप्रबंधक राजेश बंछोर ने बताया कि फ्रीडम 2.0 योजना के अंतर्गत ग्राहकों को प्रतिदिन 1 जीबी डेटा और 100 एसएमएस की सुविधा मिलेगी। वहीं 1111 के फाइबर इंटरनेट प्लान में ग्राहकों को 5000 जीबी तक डेटा और 200 एमबीपीएस तक की इंटरनेट स्पीड का लाभ मिलेगा बीएसएनएल ने ग्राहकों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए टीवी मनोरंजन सेवा भी उपलब्ध कराई है।

ग्राहक स्द्ग्यद्ध-ष्ट्डुह्द ,श्चश्चके माध्यम से इस मनोरंजन सेवा का लाभ उठा सकते हैं सहायक महाप्रबंधक राजेश बंछोर ने मंडला शहर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे बीएसएनएल की विशेष योजनाओं का लाभ उठाते हुए तेज भरोसेमंद और किफायती एफटीटीएच ब्रॉडबैंड सेवा से जुड़ें।

# दो अंधी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस ने दो अंधी हत्याओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 7 अगस्त को महाराजपुर थाना क्षेत्र के डुंगरिया-बंहेगा स्थित बीही बगीचा के पास जंगल में एक अज्ञात महिला का जला हुआ शव मिला था मामले की जांच के लिए एसपी राजेश रघुवंशी के निर्देशन और एसडीओपी पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में पांच टीमों का गठन किया गया था जांच के दौरान हिरदेनगर चौकी में 30 जुलाई को दर्ज रानू नंदा की गुमशुदगी से पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले तकनीकी साक्ष्यों और क्रॉस-वेरिफिकेशन के आधार पर पुलिस रामसिंह चक्रवर्ती तक पहुंची पूछताछ में रामसिंह ने रानू नंदा की हत्या में अपनी भूमिका और साथी चंद्रशेखर पटेल की संलिप्तता की जानकारी दी पुलिस के मुताबिक 25 जुलाई को रामसिंह और रानू नागपुर गए थे और 2 अगस्त को जबलपुर पहुंचे। इसके बाद दोनों तिलवारा घाट और भेड़ाघाट होते हुए घंसौर और फिर नैनपुर पहुंचे, जहां 3 अगस्त को चंद्रशेखर भी उनके साथ शामिल हुआ इसके बाद तीनों बंहेगा के पास सागौन बाड़ी क्षेत्र पहुंचे आरोप है कि वहां रानू को जहरीली दवा पानी में मिलाकर पिलाई गई और उसके बाद गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी गई पहचान छिपाने के लिए शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतका के चांदी के आभूषण, सोने का मंगलसूत्र, तीन सोने की पत्तियां, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जहरीली दवा की खाली डिब्बी और घटना के समय पहने गए कपड़े सहित अन्य सामग्री बरामद की है रानू नंदा हत्याकांड की जांच के दौरान आरोपी रामसिंह चक्रवर्ती से पूछताछ में बम्हनी थाना क्षेत्र के वर्ष 2020 के एक पुराने हत्याकांड से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी सामने आई। पुलिस के अनुसार 20-21 नवंबर 2020 की रात रोशन लाल चक्रवर्ती की हत्या हुई थी। उनका शव सिलगी रोड चिरई पहाड़ी के पास मिला था और सिर व गले पर चोट के निशान पाए गए थे इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था पूछताछ और उपलब्ध तथ्यों के क्रॉस-वेरिफिकेशन के बाद रामसिंह ने इस पुराने मामले में भी अपनी संलिप्तता तथा सुशील दत्त मिश्रा और संजू उर्फ संजय चक्रवर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं महत्वपूर्ण खुलासे के संबंध में एसपी मंडला द्वारा 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी पुलिस ने रानू नंदा हत्याकांड में रामसिंह चक्रवर्ती 38वर्ष, निवासी बराटोला देवगांव और चंद्रशेखर पटेल 30वर्ष, निवासी भैरी बाबा मोहल्ला देवगांव को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही में एसडीओपी पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक हरछठ ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक धीरज नाग, प्रधान आरक्षक उत्तम गोठरिया, आरक्षक अमित भारतीया, आनंद गौतम, सुनील सिंह और चालक आरक्षक श्रीराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।

ग्राम पंचायत खलौड़ी के ग्राम गीधाझोड़ में सामुदायिक चबूतरा निर्माण का भूमि पूजन संपन्न हुआ। जिला पंचायत मद से इस कार्य के लिए 2 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। चबूतरा निर्माण हेतु भूमि दानदाता बेनीराम राजपूत ने अपनी भूमि दान में दी जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया ग्रामवासियों ने अतिथियों का पुष्पमाला शॉल-श्रीफल से स्वागत वंदन किया जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला पंचायत प्रतिबद्ध है।

बेनीराम राजपूत द्वारा भूमि दान की पहल अनुकरणीय है। इससे गांव में सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, महामंत्री नरेश सार्वे, नरेश राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष राकेश यादव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, भाजपा कार्यकर्ता रमेश मरकाम, सरपंच श्रीमती चंद्रावती आर्मो, उप सरपंच दीपचंद मरावी, पूर्व जनपद सदस्य अशोक सिंह राजपूत, डमरू सिंह राजपूत, कल्लू सिंह राजपूत, द्वारका राजपूत, बलदाऊ राजपूत पंचायत जनप्रतिनिधि सचिव एवं वरिष्ठजन भी मौजूद रहे।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगरपालिका परिषद नैनपुर समस्त नगरवासियों का हार्दिक अभिनंदन करती है
बापू का घर घर पहुंचे संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो नगर व प्रदेश।
सजा दो तिरंगा हर घर में प्यारे, मना लो आजादी का त्योहार सारे।
है भारत से हम सबको प्यार, स्वतंत्रता है हम सबका अधिकार।
घरों से निकालने वाले सूखे कचरे को नीले डस्टबिन में रखें।
घरेलू खतरनाक बायो मेडीकल वेस्ट को लाल डस्टबिन में रखें।
वीरों का बलिदान व्यर्थ न जाएं, आजादी पर कोई आंच ना आने पाएं।
देशभक्ति के तराने गाएं, आओ स्वतंत्रता दिवस मनाएं।
डॉ0 लक्ष्मणसिंह सारस, मख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नैनपुर
श्रीमती संजूलता वैष्णव, उपाध्यक्ष, नगरपालिका परिषद नैनपुर
श्रीमती कृष्णा पंजवानी, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद नैनपुर
प्रभारी सदस्य - देवेन्द्र राजाराम शर्मा, श्रीमती सुशीला चौरसिया, श्रीमती पिंकी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी परते, प्रदीप चौरसिया।
पार्षदगण - श्रीमती निकिता शर्मा, नितिन कुमार ठाकुर, करन सिंह इनवाती, श्रीमती साधना रंगारी, सुनील विश्वकर्मा, सुश्री कुसुम यादव, मोहितकांत झारिया, अमित सेठी सांसद प्रतिनिधि ।
कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर जिला-मण्डला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरी सिंह ठाकुर | राजेन्द्र सिंह ठाकुर | दिलीप सिंह ठाकुर
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 की समस्त पाठकों विज्ञापन दाताओं एवं सहयोगी जनों को ढेर सारी शुभकामनायें बधाई।
कार्यालय भोलेनाथ समाचार व्यूरो बुधवारी बाजार नैनपुर जिला मंडला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिनेन्द्र कुमार साहू
सभी किस्मों के आनाज, गेहूं, चावल, मक्का, ज्वार, दाल व तेलों के थोक एंव फुटकर बिक्रेता
जिनेन्द्र जीवन लाल साहू बुधवारी बाजार नैनपुर जिला मण्डला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
के एस अहाके प्रशासक | द्रोण पटले प्रबंधक
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 की समस्त कृषक बंधुओ को हार्दिक शुभकामनायें, समिति के सदस्य बनकर शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खाद, बीज व नगद राशि प्राप्त करें।
कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. रे. चिरईडोंगरी 108

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जावेद खान
प्रभारी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर
विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं अभिभावकों व शिक्षक शिक्षिकाओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई
शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर जिला मंडला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. राहुल अवधवाल एवं मयंक अवधवाल नैनपुर
पीतल, कांशा, स्टील के बर्तन, पंखा, कूलर, पेटी, सागोन फर्नीचर बिक्रेता एवं ज्वेल्स।
राजेश बर्तन भण्डार, फर्नीचर विक्रय केन्द्र एंव ज्वेल्स नैनपुर जिला मण्डला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक उमा शंकर शर्मा
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की समस्त नगर क्षेत्र व जिला वासियों को बधाई।
कार्यालय जिला केरोसिन वितरक केन्द्र सिविल लाइन नैनपुर जिला मण्डला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रितु राज भवेदी प्रशासक | श्रवण कुमार कहार प्रबंधक
स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त कृषकों को हार्दिक शुभकामनायें, समिति के सदस्य बनकर शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खाद, बीज व नगद राशि प्राप्त करें।
कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. डिठोरी 353

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रितु राज भवेदी प्रशासक | कुलदीप राजपूत प्रबंधक
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 की सभी अंशधारी कृषकों को हार्दिक बधाई, समिति के सदस्य बनकर शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खाद, बीज व नगद राशि प्राप्त करें।
कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या.पिण्डरई 311

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
के एस अहाके प्रशासक | सुश्री अपेक्षा तिवारी प्रबंधक
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 की समस्त किसान भाईयो को हार्दिक शुभकामनाएं, समिति के सदस्य बनकर शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खाद, बीज व नगद राशि प्राप्त करें।
कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. जामगांव 104

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
के एस अहाके प्रशासक | संतकुमार चन्देला प्रबंधक
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 की समस्त कृषक बंधुओं को हार्दिक बधाई, समिति के सदस्य बनकर शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, खाद, बीज व नगद राशि प्राप्त करें।
कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. नैनपुर प.क. 360












# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण





**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान–2026 के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम शाहपुर स्थित नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों द्वारा अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर अपर कलेक्टर जेपी यादव के नेतृत्व में अधिकारियों का दल कलेक्टर कार्यालय परिसर से बस द्वारा शाहपुर पहुंचा। कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जनजाति युवा मोर्चा महामंत्री पंकज सिंह तेकाम, रेडक्रॉस चेयरमैन नरेन्द्र राजपूत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, वनमंडलाधिकारी अशोक सोलंकी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र और छात्रावास का किया निरीक्षण

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया और उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और अनुशासन के साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## स्थानीय उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

शिविर में स्व–सहायता समूहों की महिलाओं ने स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भारत विभाजन से जुड़े घटनाक्रमों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

**विधायक ने कहा- अधिकारी कर्मचारी घर-घर पहुंचकर करें समस्याओं का समाधान**–शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शासन की जनहितैषी सोच का परिणाम है। अभियान के माध्यम से शासन–प्रशासन आमजन के द्वार तक पहुंचकर लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभियान के दौरान घर–घर पहुंचकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने की बात कही।

## पंच सम्मेलन में योजनाओं की दी गई जानकारी

शिविर के दौरान आयोजित पंच सम्मेलन में योजना की अवधारणा, उद्देश्य एवं प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। विकसित भारत–2047 की परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने, आजीविका सुरक्षा, उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण, ग्रामीण अधोसंरचना एवं जल सुरक्षा से संबंधित कार्यों पर चर्चा की गई। पंचायतीराज संस्थाओं की भूमिका, विकसित ग्राम पंचायत योजना के निर्माण एवं अनुमोदन तथा विभिन्न योजनाओं के अभिसरण की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गई।

## हर शुक्रवार अलग-अलग क्षेत्रों में लगेंगे शिविर

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि शासन की मंशा है कि नागरिकों को छोटी–छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के माध्यम से योजनाओं का लाभ लोगों को उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने पंच एवं सरपंचों से कहा कि ग्राम पंचायत का विकास जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण दायित्व है। शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है।

## हितग्राही हुए लाभान्वित

शिविर में पात्र हितग्राहियों को पोषण किट, बीज एवं साइकिल सहित विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री एवं लाभ का वितरण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण किया।



# जिलेभर में तिरंगा यात्राओं, रैलियों एवं विविध गतिविधियों में उमड़ा उत्साह

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलेभर में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में तिरंगा यात्राओं और रैलियों के माध्यम से नागरिकों को देशप्रेम एवं राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का संदेश दिया जा रहा है। अभियान में आमजन की उत्साहपूर्ण सहभागिता से जिले का माहौल देशभक्तिमय बना हुआ है।

अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा निबंध, रंगोली एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और युवाओं में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है।

आंगनवाड़ी केंद्रों, शासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न संस्थानों में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारी–कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, महिलाएं, युवा, विद्यार्थी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अभियान में सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर तिरंगे की सजावट और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

जिले में आयोजित हो रही इन गतिविधियों के माध्यम से च्व्हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा का संदेश जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश के प्रति गौरव की भावना से जोड़ना है। जिलेवासियों में अभियान को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा है।

# आवारा पशुओं के खिलाफ नगर पालिका का रात्रिकालीन अभियान

## सड़कों से गाय-बैल पकड़कर पहुंचाए गौशाला

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** – माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद उमरिया क्षेत्र में गत 13 अगस्त की रात को आवारा पशुओं के खिलाफ विशेष रात्रिकालीन अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह एवं सीएमओ किशन सिंह के निर्देश पर चलाए गए अभियान में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे गाय, बैल सहित अन्य आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशाला पहुंचाया गया। प्रभारी सुपरवाइजर जग्गू चौहथा के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी टीम ने रात्रि कालीन चलाए गए अभियान में प्राथमिकता के साथ जिम्मेदारी संभाली।




टीम ने रात के समय विभिन्न मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर सड़क पर विचरण कर रहे पशुओं को हटाया और नपा के वाहन में पशुओं को सुरक्षित किया। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार सड़क पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है।

# भाजपा ने मनाया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भाजपा ने स्थानीय जय स्तंभ चौक से मौन जुलूस निकालकर गांधी चौक में समापन किया गया, जहां नेताओं ने अपने–अपने विचार प्रकट किये।

भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की षड्यंत्रकारी नीतियों ने भारत का विभाजन कराकर पाकिस्तान के रूप में देश के विरोधियों से समझौता कर मुस्लिम लीग से निर्दोष हिंदुओं को मरवा कर देश में हिंसा जैसी नफरत को फैलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग की मुसलमानों के लिए अलग देश की मांग ने लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया।

यह विस्थापन कोई सामान्य नहीं था। हजारों–हजार लोगों का जनसंहार हुआ, महिलाओं के साथ जघन्यतम अपराध हुए- उस दौर में भारतीय उपमहाद्वीप में मानवता त्राहिमाम कर उठी। स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों के विरुद्ध देश एकजुट होकर लड़ा था, उस दौर में




किसी ने इस तरह के विभाजन के बारे में सोचा भी नहीं होगा। लेकिन अंग्रेजों की शातिराना कोशिशों तथा मुस्लिम लीग के सांप्रदायिक एजेंडे ने आधुनिक काल में मनुष्यता पर विभाजन द्वारा बड़ा संकट खड़ा किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अगस्त के दिन को श्विभाजन विभीषिका स्मृति दिवसश् के रूप में मनाने की घोषणा की। नरेन्द्र मोदी जी ने यह घोषणा करते हुए यह कहा कि करोड़ों लोग विभाजन के बाद ऐसी स्थिति में ढकेल दिए गए जिसके बारे में जानकर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। मीलों तक पैदल चलते हुए बाढ़, तेज धूप तथा दंगों को झेलते हुए लोग अपनी मंजिल तक पहुंचे। कुछ लोग रास्ते में ही दंगों,अत्यधिक थकावट तथा भोजन की कमी आदि से काल कवलित हो गए। उन्होंने कहा कि हमारा तिरंगा हमारा गौरव है और यह हमें राष्ट्र के लिए सदैव अपना सर्वश्रेष्ठ देने की निरंतर प्रेरणा देता है।अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लें और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के सामूहिक संकल्प को पुनः दृढ़ करें।

# मानपुर में विधायक की अगुवाई में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर

**मनपुर (स्वतंत्रमत)।** स्वतंत्रता दिवस 2026 एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को मानपुर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह की अगुवाई में निकली इस यात्रा में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में लोग देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा मानपुर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर पैदल ब्लॉक कार्यालय तक पहुंची। यात्रा के दौरान पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीतों, 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयकारों से मानपुर का वातावरण गूंजायमान रहा। जगह–जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का उत्साह के साथ स्वागत किया। यात्रा में स्कूली बच्चों के साथ विभिन्न विभागों की टीम, पुलिस प्रशासन, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और नगरवासी शामिल हुए। बच्चों में भी तिरंगा यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर बच्चे देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में आगे बढ़ते नजर आए। इस अवसर पर विधायक सुश्री मीना सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई



एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को याद करने का अवसर देता है। उन्होंने नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' जैसे अभियान लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करते हैं। तिरंगा यात्रा के समापन के बाद भी लोगों में देशभक्ति का उत्साह बना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता दिवस को लेकर नगर में उत्सवी माहौल देखने को मिला। यात्रा ने नागरिकों में राष्ट्रीय भावना और एकता का संदेश दिया।

## स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आज कलेक्टर करेंगी ध्वजारोहण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड उमरिया में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। तत्पश्चात पीटी ,परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियो एवं पुलिस कर्मियों का सम्मान किया जाएगा।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर महान अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर, 68 यूनिट रक्तदान

**सिंगरौली,।** 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर महान अस्पताल द्वारा मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महान परिवार के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रसेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। शिविर में कुल 68 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ यूनिट हेड लिनू पंचमन,मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, सीपीपी प्लांट हेड प्रांजल पाठक, रेड क्रॉस ब्लड बैंक के निदेशक डॉ. द्विवेदी एवं सीएमओ महान अस्पताल डॉ. आशीष शरण ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर यूनिट हेड लिनू पंचामन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय गौरव का पर्व नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का अवसर भी है। रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। हमारे एक यूनिट रक्त से किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने महान परिवार के सभी रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि महानाइट्स का यह सेवा भाव निश्चित रूप से दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेगा। हेड एचआर डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि रक्तदान के प्रति कर्मचारियों का उत्साह यह दर्शाता है कि महान परिवार सामाजिक सरोकारों को केवल अपनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अपने संस्कार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और जरूरत के समय रक्त की उपलब्धता किसी व्यक्ति के लिए जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन सकती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से स्वस्थ होने पर नियमित रूप से रक्तदान करने और इस मानवीय अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। शिविर में महानाइट्स ने वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में बढ़–चढ़कर सहभागिता की। स्वतंत्रता दिवस की सच्ची भावना को सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए कर्मचारियों ने 68 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं का उत्साह और सामाजिक सरोकार इस आयोजन की प्रमुख विशेषता रहा। शिविर के सफल आयोजन में महान अस्पताल की चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा। मुख्य सलाहकार स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति शरण, सलाहकार एनेस्थेटिस्ट डॉ. मुदित एवं सलाहकार इमरजेंसी मेडिसिन डॉ. पॉल पांडियन ने शिविर के सुचारु संचालन के लिए सक्रिय समन्वय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

नर्सिंग टीम से सिस्टर तारा, सिस्टर राधा, सिस्टर सुषमा एवं सिस्टर आशा ने रक्तदाताओं की सहायता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संभाला। वहीं पैरामेडिकल टीम के योगेश, पंकज, हरजीत, अरविंद, संजय तिवारी एवं सनत पटेल ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सकीय एवं सहयोगी टीम के सामूहिक प्रयासों से रक्तदान शिविर सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह शिविर सामाजिक उत्तरदायित्व, सामुदायिक सेवा और मानव कल्याण की भावना का प्रेरणादायक उदाहरण बना। रक्तदान करें, जीवन बचाएंज्ज के संदेश के साथ महान अस्पताल ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को सेवा, समर्पण और मानवता से जोड़ते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सार्थक किया।

## जंगली सुअर के शिकारियों को भेजा गया जेल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र पतौर अन्तर्गत बीट पतौर बी में वन अमले के द्वारा पैदल मानसूनी गश्ती के दौरान दो व्यक्तियो के द्वारा दिखाई देने पर चारो तरफ से घेराबंदी बनाकर पकड़ा गया एवं तलाशी लेने पर उनके पास से एक नग मृत जंगली सुअर का शव गमछे मे लपेटा हुआ उम्र लगभग 3 माह, कुल्हाड़ी दो नग मौके से जप्त किया गया, जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिये जाने के पश्चात् उनके निर्देशन में परिक्षेत्र अधिकारी पतौर द्वारा अपनी टीम के साथ आवश्यक कार्रवाई की गई। आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि जंगली सुअर का शिकार मांस खाने के उद्देश्य से किये है। आरोपियों की पहचान रामलाल उर्फ चूट्दनी बैगा पिता बंगाली बैगा उम्र 42 वर्ष साकिन उमरिया बकेली थाना–इंदवार,एवं सनी बैगा पिता सुन्नी बैगा उम्र 20 वर्ष साकिन उमरिया बकेली थाना–इंदवार, जिला उमरिया (म.प्र.) के रूप में की गई है। प्रकरण दर्ज करने के पश्चात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उमरिया जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय द्वारा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कार्यवाही में भूरा गायकवाड़ उपवनमण्डलाधिकारी पनपथा, राहुल किरार परिक्षेत्र अधिकारी पतौर, बालेन्द्र कुमार मिश्रा उपवन क्षेत्रपाल, बबलूलाल झारिया वनपाल, बीरेन्द्र सिंह वनपाल, रज्जू सिंह पेन्द्रे वनरक्षक,कैलाश प्रसाद चौधरी वनरक्षक, फत्ते सिंह वनरक्षक, वीरेन्द्र कुमार पटेल वनरक्षक एवं कु. रमा विश्वकर्मा वनरक्षक आदि का विशेष योगदान रहा।

# लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेरेमनी का आयोजन संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत) –

तकनीकी शिक्षा विभाग,जनजातीय विभाग व्दारा संचालित परम फाउंडेशन के माध्यम प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बालिकाओं के लिए कौशल कॉलेज की स्थापना की गई है इसका उद्देश्य बालिकाओं को आवासीय एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के माध्यम से नौकरी से जोड़ना है जिसके लिए प्रदेश में 6 एएनएम नर्सिंग कौशल कॉलेज की स्थापना की गई है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह उपस्थित रही। विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने विद्यार्थियों को सेवा, समर्पण, अनुशासन एवं मानवता के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर , नगर पंचायत मानपुर की अध्यक्ष भारती सोनी एवं एसडीएम मानपुर हरनीत कॉलेज की प्राचार्य भारती, सोमेश्वर राठौर, डॉ. दिनेश कुमार राय,नवीन चौहान,दिव्या मस्की, मोनी सचान,



नेहा तिवारी एवं शिवानी तिवारी सहित संस्था के समस्त पदाधिकारी, शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उदघोषणा**

रा.मा.क्र. अ-6/ वर्ष 2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 31/08/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/ पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 6<br>8 | कंदेली | 8/8<br>29/118 | 3867 वर्गफुट<br>880 वर्गफुट | हरीश जायसवाल आ. धनीराम जायसवाल सा. कंदेली | श्रीमति मंजू जायसवाल पत्नि हरीश जायसवाल, सामिल आ. स्व. हरीश जायसवाल, मयंक जायसवाल आ. स्व. हरीश जायसवाल, श्रीमति श्वेता कश्यप आ.स्व. हरीश जायसवाल पति सुनील कश्यप, श्रीमति स्वाति मालवीय आ. हरीश जायसवाल सा. कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 12/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

संपादकीय

## ट्रंप की समझौतापरस्ती

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप बयान कुछ भी देते रहें, लेकिन वह ईरान युद्ध में अपनी ‘मानसिक पराजय’ स्वीकार कर चुके हैं। ऐसी स्थिति के पीछे पेंटागन का तनाव और सैन्य जनरलों की चेतावनियां मानी जा रही हैं। युद्ध के पहले चरण में अमरीका ने 40 दिन तक ईरान पर बमबारी की, मिसाइलें दागीं। फिर जुलाई में 13 दिन तक लगातार विध्वंसक हवाई हमले किए, लेकिन ईरान ने घुटने नहीं टेके। व्यापक विनाश के बावजूद ईरान ने हार नहीं मानी। उसकी करीब 70 फीसदी मिसाइलों का भंडार अब भी शेष है। उसके परमाणु केंद्रों का बाल भी बांका नहीं किया जा सका। ईरान आज भी चीन को तेल बेच रहा है। रूस और चीन उसकी हथियारी मदद भी कर रहे हैं, लेकिन पेंटागन, जनरलों और खुफिया रपटों के बाद राष्ट्रपति ट्रंप को एकदम युद्ध रोक कर बाहर जाने का मन बनाना पड़ा है। लिहाजा बीते कई दिनों से अमरीकी सेना ईरान पर हमले नहीं कर रही है। इजरायल ने तो लगभग एक महीने से ईरान पर हमला नहीं किया है। राष्ट्रपति ट्रंप अब ईरान के साथ एक और विस्तृत समझौते की बात कर रहे हैं और आशान्वित भी हैं। अलबत्ता ईरान ने समझौते के बयानों को खारिज किया है, लेकिन उसकी आर्थिक दुरावस्था इतनी पतली हो गई है कि कभी भी स्थानीय विद्रोह भड़क सकता है। यह हुकूमत का अंदेशा भी है। अब अमरीका और ईरान दोनों ही ‘स्थायी युद्धविराम’ के पक्ष में हैं, लिहाजा मध्यस्थों के जरिए समझौते की संभावनाएं पकाई जा रही हैं। राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी ‘समझौतापरस्त’ लग रहे हैं, क्योंकि युद्ध ने अमरीका के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी झकझोर कर रख दिया है। वैश्विक विकास दर घटकर 3.4 फीसदी से भी नीचे आ गई है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार वृद्धि 4.6 फीसदी से गिर कर 1.9 फीसदी रह गई है और 27 देशों ने विश्व बैंक से आपातकालीन कर्ज मांगा है। युद्ध ने तेल और गैस की आपूर्ति इस कदर बाधित की है कि इसे 1970 के दशक के बाद का सबसे गंभीर ऊर्जा-संकट माना जा रहा है। ईरान के संदर्भ में अनुमान है कि उसे 270 अरब डॉलर का आर्थिक और ढांचागत नुकसान हुआ है। ईरान में खाद्य पदार्थों और ईंधन का गंभीर संकट पैदा हो गया है। अमरीका भी युद्ध पर 70-80 अरब डॉलर फूंक चुका है, जिसका घरेलू और संसदीय स्तर पर तीखा विरोध हो रहा है। अमरीका को हथियारों का सबसे बड़ा व्यापारी माना जाता रहा है। सेना के आधार पर भी उसे ‘सुपर पॉवर’ माना जाता है, लेकिन युद्ध में उसकी ‘अमोघ अस्त्र’ मिसाइलें, वायु रक्षा प्रणाली, लड़ाकू विमान आदि इतने खर्च हो चुके हैं अथवा नष्ट हो चुके हैं कि खुद पेंटागन रूस और चीन के मुकाबले सैन्य क्षमता कम आंक रहा है। पेंटागन की रपट बताई जाती है कि यदि ईरान ने खाड़ी देशों में अमरीकी ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन हमले जारी रखे, तो अमरीकी सेना उनके पलटवार में सक्षम नहीं है। संभवतः राष्ट्रपति ट्रंप ने अचानक युद्ध को इसीलिए रोक दिया है। ईरान अब भी कुवैत, जॉर्डन, इराक और होर्मुज वाले कमर्शियल जहाजों पर हमले कर रहा है, लिहाजा अमरीका दबाव में है कि किसी भी तरह होर्मुज खुलना चाहिए, लिहाजा प्रस्तावित समझौते की बात सामने आ रही है। इस बार भी 60 दिन के युद्धविराम की योजना है, लेकिन ईरान के जनरल मोहसिन रिजाई ने अमरीका को ‘तीसरे विश्व युद्ध’ की चेतावनी भी दी है। यह विरोधाभास क्यों है? इस युद्ध के कारण पूरे विश्व की आर्थिकी चरमरा गई है। जन-धन की हानि भी दोनों पक्षों को हो रही है। ईरान के तो करीब-करीब सभी बड़े नेताओं को मार दिया गया है। उसकी टॉप लीडरशिप नेस्तनाबूद हो चुकी है। कच्चे तेल के दाम काफी बढ़ गए हैं और इससे सभी देश प्रभावित हुए हैं। तेल के कुएं धू-धू कर जल रहे हैं। पूरे विश्व में तनाव फैला हुआ देखा जा सकता है। इसलिए दोनों पक्षों को अपना-अपना रुख नर्म कर लेना चाहिए।

### आजादी के अमृत से लेकर स्वतंत्रता के 80वें पड़ाव तक

# आत्मनिर्भरता से विकसित भारत की ओर आजादी की उड़ान



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

15 अगस्त भारत के राष्ट्रीय जीवन का वह गौरवपूर्ण दिन है, जब हमारी धरती ने पराधीनता की लंबी रात के बाद स्वतंत्रता का सूर्य देखा था। 2026 में हम स्वतंत्रता का 80वां दिवस मना रहे हैं। यह केवल अतीत के गौरव को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि यह आत्ममंथन करने का भी समय है कि जिन सपनों के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया था, उन सपनों को हमने कितना साकार किया और अब 2047 में स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को कैसा बनाना है। 1947 ने हमें राजनीतिक स्वतंत्रता दी थी, लेकिन 2047 का लक्ष्य हमें आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, सामरिक और नैतिक रूप से आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने का है।

स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं है। स्वतंत्रता तब सार्थक होगी, जब प्रत्येक नागरिक भय, अभाव, अशिक्षा, बेरोजगारी, भेदभाव और अवसरों की असमानता से मुक्त हो। जब व्यक्ति अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को भी समझे, जब लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने और सरकार बनाने की प्रक्रिया न रहकर जनकल्याण का माध्यम बने, जब राजनीति में सेवा, सार्वजनिक जीवन में शुचिता और समाज में संवेदना प्रतिष्ठित हो। आजादी की पहली पीढ़ी ने देश को गुलामी से मुक्त किया था; आज की पीढ़ी को देश को निर्भरता, पिछड़ेपन और आत्महीनता से मुक्त करना है। पिछले वर्षों में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बार-बार देश को आत्मनिर्भरता, नवाचार और युवाशक्ति का मंत्र दिया है। 2025 के स्वतंत्रता दिवस संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से युवा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, प्रतिभाशाली युवाओं और शोधकर्ताओं का आह्वान करते हुए पूछा कि भारत अपने लड़ाकू विमानों के लिए जेट इंजन स्वयं क्यों नहीं बना सकता। उन्होंने सेमीकंडक्टर से लेकर अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी और रक्षा तक भारतीय प्रतिभा को अपनी क्षमता के बल पर आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं के विचारों को रोकने के बजाय उन्हें अवसर देने और उनके नवाचार को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। यह बदलाव केवल भाषणों तक सीमित नहीं है। आज छोटे शहरों, कस्बों और गांवों से निकलने वाली प्रतिभाएं स्टार्टअप, अंतरिक्ष, खेल, विज्ञान, डिजिटल तकनीक और विनिर्माण के क्षेत्र में नई पहचान बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने लाल किले से यह भी रेखांकित किया है कि भारत के युवाओं ने देश को दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम में स्थान दिलाया है और अनेक छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के युवा नई तकनीकी संभावनाओं को जन्म दे रहे हैं।



आत्मनिर्भर भारत इसी बदलती मानसिकता का परिणाम है। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से कट जाना नहीं, बल्कि दुनिया के साथ बराबरी से खड़े होकर अपने सामर्थ्य के आधार पर प्रतिस्पर्धा करना है। भारत अब केवल आयात करने वाला विशाल बाजार नहीं रहना चाहता; वह निर्माण करने, नवाचार करने और दुनिया को निर्यात करने वाला देश बन रहा है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मा, रक्षा उपकरण, अंतरिक्ष तकनीक और डिजिटल सेवाओं में भारत की क्षमता लगातार बढ़ी है। गैर-पेट्रोलियम वस्तुओं के निर्यात ने भी नए रिकॉर्ड बनाए हैं, जबकि सेवाओं के क्षेत्र में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति लगातार मजबूत हुई है। आत्मनिर्भरता की सबसे प्रभावशाली तस्वीर रक्षा क्षेत्र में दिखाई देती है। कभी भारत विश्व के बड़े हथियार आयातकों में गिना जाता था, लेकिन अब स्वदेशी उत्पादन और रक्षा निर्यात दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के रक्षा निर्यात ने 38,424 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड स्तर हासिल किया, जो पिछले वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये से 62.66 प्रतिशत अधिक है। यह परिवर्तन बताता है कि भारत अब केवल अपनी सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा, बल्कि विश्व के देशों को रक्षा सामग्री उपलब्ध कराने की क्षमता भी अर्जित कर रहा है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने गोला-बारूद, हथियार, उप-प्रणालियां, प्रणालियां और महत्वपूर्ण पुर्जे लगभग 80 देशों तक पहुंचाए हैं। 2013-14 में रक्षा निर्यात महज 686 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गयाकृअर्थात एक दशक में लगभग 34 गुना वृद्धि। यह ‘मेक इन इंडिया’ से ‘मेक फॉर द वर्ल्ड’ की यात्रा का सशक्त प्रमाण है।

लेकिन आत्मनिर्भर भारत की असली परीक्षा केवल अर्थव्यवस्था और तकनीक में नहीं है। हमें ऐसा भारत बनाना है जो आत्मनिर्भर होने के साथ आत्मसंयमी भी हो, शक्तिशाली होने के साथ संवेदनशील भी हो और आधुनिक होने के साथ अपनी संस्कृति एवं नैतिक जड़ों से जुड़ा भी हो। महात्मा गांधी, भगवान महावीर और भगवान बुद्ध ने हमें बताया था कि विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य की गरिमा और समाज में शांति है। यदि तकनीक बढ़ती जाए लेकिन मनुष्यता घटती जाए, यदि संपन्नता बढ़े लेकिन संवेदना कम हो जाए, यदि अधिकारों की मांग बढ़े लेकिन कर्तव्यबोध समाप्त हो जाए तो स्वतंत्रता अधूरी ही रहेगी। हमारे सामने आज भी गरीबी, बेरोजगारी, असमानता, भ्रष्टाचार, सामाजिक तनाव, हिंसा, पर्यावरण संकट और डिजिटल असमानता जैसी चुनौतियां हैं। इसलिए स्वतंत्रता दिवस केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने का संकल्प भी है। हमें ऐसी नागरिक संस्कृति विकसित करनी होगी जिसमें सत्य, शुचिता, सहिष्णुता, अनुशासन, परस्पर सम्मान और राष्ट्रहित सर्वोपरि हों। लोकतंत्र की मजबूती केवल संसद या सरकार से नहीं होती; वह नागरिक के चरित्र से होती है। लोकतंत्र को मजबूत संसद के साथ मजबूत समाज और जिम्मेदार नागरिक भी चाहिए।

आज का भारत विश्व की युवा शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य मूलतः युवाओं का लक्ष्य है, क्योंकि आज का युवा ही 2047 के भारत का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री ने ‘विकसित भारत/2047 रू वॉइस ऑफ यूथ’ पहल के माध्यम से युवाओं को केवल भविष्य के लाभार्थी नहीं, बल्कि परिवर्तन के एजेंट के रूप में सामने रखा है। इसीलिए 2026 के स्वतंत्रता दिवस अभियान का केंद्र भी युवाओं को एक मजबूत, आत्मनिर्भर, नवाचारी और भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण से जोड़ना है। सरकारी ‘माय भारत’ पहल में युवाओं की भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया है। 2047 की यात्रा में हमें युवाओं से केवल नौकरी पाने की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए; उन्हें रोजगार देने वाला, समस्या का समाधान खोजने वाला, नवाचार करने वाला और समाज का नेतृत्व करने वाला बनाना होगा। शिक्षा को डिग्री से कौशल, कौशल से रोजगार और रोजगार से उद्यमिता की ओर ले जाना होगा। गांव का युवा भी अंतरिक्ष में अवसर देखे, छोटे शहर की बेटी भी विज्ञान और तकनीक में विश्वस्तरीय पहचान बनाए, किसान का बेटा भी एग्रीटेक उद्यमी बने और सामान्य परिवार का युवा भी स्टार्टअप के माध्यम से हजारों लोगों के लिए रोजगार पैदा करेकृयही नए भारत की तस्वीर है।

आजादी की पहली लड़ाई में युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को स्वतंत्र बनाया था। 2047 के भारत की लड़ाई में युवाओं को ज्ञान, नवाचार, चरित्र, परिश्रम और राष्ट्रभावना को अपना हथियार बनाना होगा। यदि 1947 की पीढ़ी ने पूछा थाकृ‘भारत को आजाद कैसे कराएं?’, तो आज की पीढ़ी को पूछना होगा-‘भारत को दुनिया का विकसित, समर्थ, शांतिपूर्ण और नैतिक नेतृत्व करने वाला राष्ट्र कैसे बनाएं?’स्वतंत्रता की सार्थकता इसी प्रश्न के उत्तर में छिपी है। हमें ऐसा भारत बनाना है जहां विकास की चमक के साथ मानवीयता की रोशनी भी हो; जहां विज्ञान आगे बढ़े तो संस्कार भी साथ चलें; जहां अर्थव्यवस्था मजबूत हो तो समाज भी समरस हो; जहां भारत अपनी सुरक्षा के लिए किसी पर निर्भर न हो और विश्व की शांति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

आज जब तिरंगा लाल किले की प्राचीर पर लहराएगा, तब हमें केवल यह नहीं कहना चाहिए कि भारत स्वतंत्र है, बल्कि यह संकल्प भी लेना चाहिए कि हम इस स्वतंत्रता को अधिक सार्थक, अधिक जिम्मेदार और अधिक जनकल्याणकारी बनाएंगे। 2047 का विकसित भारत सरकार का अकेला सपना नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक संकल्प होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी 2047 को नागरिकों के सपनों और संकल्पों से जोड़ते हुए स्पष्ट किया है कि विकसित भारत का निर्माण प्रत्येक भारतीय की भागीदारी से होगा। आजादी के अमृत से लेकर स्वतंत्रता के 80वें पड़ाव तक भारत ने लंबी यात्रा तय की है। अब अगला पड़ाव केवल आर्थिक शक्ति बनना नहीं, बल्कि विश्वास, विवेक, विज्ञान, संस्कार और सामर्थ्य से सम्पन्न भारत बनना है। शहीदों ने हमें स्वतंत्र भारत सौंपा था; अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ी को एक ऐसा भारत सौंपें जिस पर उसे गर्व हो। ’यही स्वतंत्रता का नया आयाम है, यही 2047 की ओर बढ़ते भारत का संकल्प है और यही हमारे तिरंगे के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।’

# 79वां स्वतंत्रता दिवसः किस दिशा में जा रहा है हमारा लोकतंत्र

राम पुनियानी

भारत की स्वतंत्रता हमारे लोगों के ब्रिटिश-विरोधी जनसंघर्ष की बहुत बड़ी सफलता थी। आजादी की लड़ाई में सभी धर्मों, जातियों और लिंगों के लोगों और विभिन्न भाषा-भाषियों ने भाग लिया। इस संघर्ष में स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के मूल्य हमारे मार्गदर्शक थे। भगत सिंह जैसे लोगों ने जाति और वर्ग की सीमाओं के परे सभी लोगों के अधिकारों और आजादियों पर जोर दिया। अम्बेडकर ने जाति और वर्ण की दीवारें तोड़ने और सभी लोगों की समानता (सामाजिक न्याय) को सर्वाधिक महत्व दिया। और गांधी, जो संघर्ष के सबसे महत्वपूर्ण नेता थे, का जोर बंधुत्व पर था। नए उभरते वर्गों - उद्योगपति, व्यापारी, कामगार, महिलाओं और आदिवासियों - ने इन नेताओं का साथ दिया। ये तीन महानायक आधुनिक राज्य के तीन मुख्य स्तंभों का प्रतिनिधित्व करते थे और उन्होंने स्वाधीन भारत को गहरे तक प्रभावित किया। स्वतंत्रता आंदोलन के यही मूल्य भारतीय संविधान का आधार हैं।

औद्योगिकरण, संचार साधनों के विकास और आधुनिक शिक्षा के चलते सशक्त हुए नए उभरते वर्गों ने एक ऐसे देश का सपना देखा जिसमें समावेशी राष्ट्रवाद के रास्ते शांति एवं उन्नति सुनिश्चित होगी। मौटे तौर पर देश का वर्गीय विभाजन यही था, हालांकि इसके कुछ अपवाद भी थे। आधुनिक भारत की पक्षधर इन ताकतों के विरोध में खड़े थे समाज के अस्त होते वर्ग, जिनमें शामिल थे पुराने राजा, नवाब और जागीरदार और समाज का प्रभुत्वशाली तबका जो जाति एवं लिंग पर आधारित ऊंच-नीच के सामंती मूल्यों में आस्था रखता था। इन वर्गों में पितृसत्तात्मकता जड़ें जमाए हुए थी और वे राजशाही और सामंतशाही के मूल्यों के बोलबाले वाले दौर का यशोगान करते थे। इन वर्गों के ज्यादातर लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन का विरोध किया और भारत के प्राचीन ‘गौरवशाली अतीत’ का महिमामंडन करते रहे।

संविधानसभा देश की विविधता का प्रतिनिधित्व करती थी। मनुस्मृति का दहन करने वाले अम्बेडकर को संविधान का मसौदा तैयार करने वाली महत्वपूर्ण समिति का अध्यक्ष बनाया गया। संविधान के तैयार होने के कुछ ही समय बाद आरएसएस के मुखपत्र ‘आर्गनाईजर’ ने इस आधार पर संविधान की तीखी आलोचना की कि उसमें मनुस्मृति के प्राचीन मूल्यों को कोई जगह नहीं दी गई है। इन तत्वों ने अंबेडकर और नेहरू की तस्वीरों को जलाया।

पिछले कुछ दशकों में भारतीय दक्षिणपंथ के उदय के साथ आरएसएस और उसके कुनबे ने राष्ट्र की दिशा और उसके लक्ष्यों को बदल दिया है। हिन्दू धर्म के नाम पर मनमाने ढंग से राजनीति की जा रही है जिससे स्वाधीनता आंदोलन के दौरान उभरा ‘आईडिया ऑफ इंडिया’ कमजोर हुआ है। जो लोग स्वाधीनता आंदोलन में अपने घरों से बाहर नहीं निकले और आजादी की लड़ाई और समावेशिता और समानता के उसके मूल्य का विरोध करते रहे, वे अब देश पर काबिज हैं। नतीजे में देश का विकास अवरूद्ध हो गया है। धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाई जा रही है जिससे हमारे समाज से बंधुत्व का भाव गायब हो रहा है। हाल में परीक्षा प्रणाली की असफलता के मुद्दे पर चलाए गए आंदोलन की सफलता ने निश्चित तौर पर वर्तमान सरकार के अहंकार को कुछ हद तक तोड़ा है मगर हिन्दुत्व राष्ट्रवादियों की दिशा और उनके लक्ष्य अब भी वही हैं। हमारे देश की प्रजातांत्रिक आत्मा और भारतीय संविधान के मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए एक कठिन और लंबे संघर्ष की जरूरत है।

सरकारों की नीतियों के कारण जो असंतोष पैदा हो रहा था उसने हाल में कॉकरोच आंदोलन का स्वरूप ले लिया। इस आंदोलन से यह सुनिश्चित हुआ कि ‘‘निर्वाचित तानाशाह’’ सरकार का डर कुछ समय के लिए ही सही मगर कम हुआ। मगर आरएसएस के कुनबे ने देश को जो गहरे घाव दिए हैं उन्हें भरने में वक्त लगेगा। उन्होंने देश की राजनीति को गहरे तक प्रभावित किया है। हमें हिन्दू राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्ध इस सरकार की जगह भारतीय संविधान के प्रति प्रतिबद्ध और समर्पित सरकार चाहिए। नफरत फैलाने वाले झूठे नैरेटिव ने हमारी सामूहिक सोच पर कब्जा जमा लिया है। उनका मुकाबला उन नैरेटिव से किया जाना चाहिए जो भारतीयों के बीच सदियों से व्याप्त प्रेम, भाईचारे और दोस्ताना संबंधों पर आधारित हों, उन नैरेटिव से जिन्हें सुभाषचन्द्र बोस, महात्मा गांधी, सरदार पटेल और पंडित नेहरू ने भारतीयों के मानस में बिठाने का प्रयास किया था। जंतर मंतर में पिछले दिनों जो हुआ वह भारत की सदियों पुरानी सभ्यता को पुनर्जीवित करने की दिशा में पहला कदम था। इसी पुनर्जीवन से हमें दुनिया के देशों में अपना उचित स्थान हासिल होगा।

अल्पसंख्यकों के साथ ‘समान नागरिक’ के रूप में व्यवहार किया जाना चाहिए। सरकार की तानाशाही खत्म होनी चाहिए और हमें तार्किक और वैज्ञानिक आधारों पर राष्ट्र निर्माण का काम फिर से शुरू करना चाहिए। जंतर मंतर एक शुरूआत भर है। गांधी और अंबेडकर, भगत सिंह और सुभाश बोस, मौलाना आजाद और सरदार पटेल के सपनों को पूरा करने के लिए हमें अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वतंत्रता दिवस पर संदेश

# आजादी का संकल्प : भारत के लिए कुछ करें

श्रमण डॉ पुष्पेंद्र /ईएमएस)

स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि यह उस संकल्प को याद करने का दिन है, जिसके लिए असंख्य वीरों ने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। आज जब हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, तो हमारे सामने यह प्रश्न भी होना चाहिए कि इस स्वतंत्रता को हम कितनी जिम्मेदारी, जागरूकता और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। आज का भारत युवा भारत है। देश की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा पीढ़ी है। युवाओं के पास ऊर्जा है, प्रतिभा है, नई सोच है और तकनीक का ज्ञान है। यदि यही ऊर्जा सही दिशा में लग जाए तो भारत को दुनिया की अग्रिम पंक्ति में ले जाने की क्षमता रखती है। लेकिन इसके लिए युवा पीढ़ी को केवल अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग होना होगा।

वर्तमान समय में युवाओं के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं-सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रभाव, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, मानसिक तनाव, दिखावे की संस्कृति, समय की बर्बादी और सफलता को केवल धन तथा प्रतिष्ठा से जोड़कर देखने की सोच। इन चुनौतियों के बीच युवाओं को विवेक से निर्णय लेना होगा। तकनीक का उपयोग ज्ञान और विकास के लिए हो, जीवन को भटकाने के लिए नहीं। प्रतिस्पर्धा हो, लेकिन संस्कारों की कीमत पर नहीं; सफलता मिले, लेकिन मानवीय संवेदनाएँ पीछे न छूटें।

राष्ट्र निर्माण केवल सीमा पर खड़े सैनिकों का दायित्व नहीं है। एक विद्यार्थी ईमानदारी से पढ़कर, एक युवा अपने कार्य में निष्ठा रखकर, एक व्यवसायी ईमानदारी से व्यापार करके, एक नागरिक कानून और अनुशासन का पालन करके तथा प्रत्येक व्यक्ति समाज के प्रति संवेदनशील बनकर राष्ट्रसेवा कर सकता है।

युवा यदि अपने आसपास की समस्याओं को समझे और उनके समाधान में छोटी-सी भूमिका भी निभाए, तो परिवर्तन निश्चित है। किसी जरूरतमंद विद्यार्थी की पढ़ाई में सहयोग करना, पर्यावरण की रक्षा करना, जल बचाना, स्वच्छता का ध्यान रखना, नशे से दूर रहना, बुजुर्गों का सम्मान करना, जीवों के प्रति करुणा रखना और समाज में प्रेम व सद्भाव बढ़ाना-ये सभी राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारियाँ हैं। भारत की वास्तविक शक्ति केवल उसकी अर्थव्यवस्था, तकनीक या सैन्य सामर्थ्य में नहीं, बल्कि उसके चरित्र, संस्कार, अहिंसा, करुणा और मानवीय मूल्यों में भी है। हमें ऐसा भारत बनाना है जो आधुनिकता में आगे हो, लेकिन अपनी संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़ा रहे। देश ने हमें बहुत कुछ दिया है; अब हमारी बारी है कि हम भी भारत को कुछ दें। आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम संकल्प लें कि हम अपने ज्ञान, श्रम, प्रतिभा, समय और ऊर्जा का एक हिस्सा राष्ट्र के नाम समर्पित करेंगे। हम ऐसा भारत बनाने में योगदान देंगे जहाँ विकास के साथ संस्कार हों, शक्ति के साथ शांति हो, स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी हो और प्रगति के साथ मानवता हो।

# महिलाओं का उत्सव है तीज



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र पत्रकार

तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। यह महिलाओं का उत्सव है। सावन में जब सम्पूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से आच्छादित होती है उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसे कजली तीज के रूप में मनाते हैं। सुहागन स्त्रियों के लिए यह व्रत बहुत महत्व रखता है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। चारों ओर हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, लोकगीत गाती हैं और आनन्द मनाती हैं।

सौंदर्य, प्रेम के उत्सव और आस्था के इस व्रत का महिलाओं के लिए बड़ा महत्व है, विशेष रूप से नव विवाहिताओं के लिए। यह त्योहार मुख्य रूप से उत्तर भारत (राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर पदेश, बिहार और झारखंड) में धूमधाम से मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार नवविवाहिताएं पहला व्रत मायके में रखती हैं और इसके लिए झूले सजाए जाते हैं, लोक गीत गाए जाते हैं। देश के कई हिस्सों में मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी निकाली जाती है।

वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कावड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद त्योहारों का सिलसिला रुक जाता है वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं।

श्रावण मास का आगमन ही इस त्यौहार के आने की आहट सुनाने लगता है। समस्त सृष्टि सावन के अदभूत सौंदर्य में भिगी हुई सी नजर आती है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं।



सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनायी जानेवाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्यौहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्यौहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है।

श्रावण में में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। हाथों में रची मेंहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है।

राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है। उन्हें अपने होने वाले सास ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेंहदी, लाख की चूडियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष द्वारा अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंजारा भेजा जाता है। जिसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है।

तीज के अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेंहदी रचाते हुए गीत गाती हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है कि महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेलबूटे बनाकर मेंहदी रचाना। राजस्थान में हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेंहदी रचाती हैं। जिसे मेंहदी मांडना कहते हैं। इस दिन राजस्थानी बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं। जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। राजस्थान के गांवों में पहले लड़किया गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलती थी। तीज के दिन से गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलना बन्द कर देती थी। इसलिये गांव की लड़किया एक साथ एकत्रित होकर अपनी पुरानी गुड्डे-गुड्डी को गांव के पास के नदी,तालाब, जोहड़ में बहा देती थी। जिसे गुड्डी बहावना कहा जाता था।

अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शोडशोपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है। स्त्रियों द्वारा सुंदर वस्त्र धारण किये जाते है तथा घर को सजाया जाता है। इसके बाद मंगल गीतों से रात्रि जागरण किया जाता है। इस व्रत को करने वालि स्त्रियों को पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है। तीज का आगमन वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आरंभ हो जाता है। आसमान काले मेघों से आच्छादित हो जाता है और वर्षा की फोहार पड़ते ही हर वस्तु नवरूप को प्राप्त करती है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन में हरियाली तीज या कजली तीज महोत्सव का बहुत गहरा प्रभाव देखा जा सकता है।

आज के दौर में ये सब बीती बाते बन कर रह गयी है। राजस्थान में मान्यता है कि गणगौर के साथ ही पर्व-त्यौंहार मनाना बन्द हो जाते हैं। वो तीज के दिन से पुनः मनाये जाने लगते हैं। तीज से शुरू होने के बाद त्योंहारों का सिलसिला गणगौर तक चलता है। इसीलिये राजस्थान में एक कहावत प्रचलित है तीज त्योंहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर।

स्वतंत्र मत



## होर्मुज पर आमने-सामने आए अमेरिका-ईरान

# ट्रंप का पूरे कब्जे का दावा, अराघची बोले- फर्जी खुफिया जानकारी

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष के बाद अमेरिका और ईरान के बीच अब स्ट्रेट आफ होर्मुज को लेकर जुबानी जंग तेज हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका का होर्मुज जलडमरूमध्य पर राष्ट्रपूर्ण नियंत्रणराष्ट्र है और वह इसे बनाए रखेगा। ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि वाशिंगटन गलत खुफिया आकलन के आधार पर खतरनाक कदम उठा सकता है। एएनआइ के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रंप के बयान पर पलटवार करते हुए एक्स पर लिखा कि राष्ट्रफर्जी खुफिया जानकारी फर्जी खबर से भी बदतरराष्ट्र हो सकती है।





उन्होंने अमेरिका को होर्मुज को लेकर गलत आकलन से बचने की चेतावनी दी। अराघची के मुताबिक, ईरान पर हमले से पहले भी अमेरिकी खुफिया आकलन में गलतियां हुई थीं और अब वही गलती होर्मुज को लेकर दोहराई जा रही है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर कहा था कि होर्मुज पर अमेरिकी नौसेना की मौजूदगी एक ऐसी राष्ट्रस्टील की दीवारराष्ट्र है, जिसका ईरान मुकाबला नहीं कर सकता। उन्होंने ईरान पर केवल बयानबाजी करने का आरोप लगाया और कहा कि वह अब पश्चिम एशिया का राष्ट्रदबंगराष्ट्र नहीं रह गया है। इस बीच, कमजोर वैश्विक मांग और अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में तेज बढ़ोतरी के कारण गुरुवार को तेल की कीमतों में गिरावट आई।

रॉयटर के अनुसार, ब्रेंट क्रूड करीब 2.47 प्रतिशत गिरकर 86.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई 2.81 प्रतिशत गिरकर 80.93 डालर पर रहा। अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में 1.74 करोड़ बैरल की बढ़ोतरी हुई, जो जून के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त बताई गई। ओपेक ने भी 2026 के लिए वैश्विक तेल मांग में बढ़ोतरी का अनुमान घटाकर 5.8 लाख बैरल प्रतिदिन कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आइईए) ने इससे भी अधिक कमजोर मांग का अनुमान लगाया है। एएनआई के अनुसार, यमन के हाउती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ नए हमलों का दावा किया है। हाउती के मुताबिक, लाल सागर में एक सैन्य परिवहन जहाज को निशाना बनाया गया और यमन में सऊदी समर्थित ठिकानों पर भी मिसाइल और ड्रोन हमले किए गए। संगठन ने मोचा इलाके और मारिब गवर्नरेट के तदाविन शिविर को निशाना बनाने का दावा किया है। साथ ही सऊदी अरब के जिजान स्थित आरामको रिफाइनरी पर दो ड्रोन हमले किए गए।

हाउती के दावों के मुताबिक, हमलों में दर्जनों लोगों की मौत हुई है, जिनमें सऊदी नागरिक भी शामिल हैं।

### नेपालः रोल्पा में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हुई, 3 लोग अब भी लापता

**काठमांडू, (वार्ता)।** नेपाल के रोल्पा जिले में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जबकि तीन लोग अभी भी लापता हैं। नेपाल पुलिस ने गुरुवार शाम यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जिले के थबांग ग्रामीण नगरपालिका-5 स्थित कोटलबारा इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से कई मकान और मवेशियों के शेड मलबे में दब गए। हादसे में पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि इसी बस्ती के पांच अन्य लोगों के शव पड़ोसी जिले प्यूठान से बरामद किए गए हैं। इन घटनाओं में जान गंवाने वालों में 18 साल के युवा से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग शामिल हैं।पुलिस के अनुसार सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय निवासियों की मदद से बड़े पैमाने पर खोज एवं बचाव अभियान जारी है। गौरतलब है कि बुधवार रात बस्ती में भूस्खलन की घटना के बाद शुरुआत में तीन लोगों की मौत और नौ लोगों के लापता होने की खबर सामने आई थी, जिसके बाद अब मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 10 तक पहुंच गया है।

## मद्रास उच्च न्यायालय ने स्वतंत्रता दिवस के दिन सबसे पहले वंदे मातरम् गाये जाने का दिया आदेश

चेन्नई, (वार्ता)



मद्रास उच्च न्यायालय रजिस्ट्री ने उच्च न्यायालय, उसकी मदुरै पीठ और निचली अदालतों को निर्देश दिया है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सबसे पहले वंदे मातरम गाया या बजाया जाए, और उसके बाद झंडा फहराने और राष्ट्रगान का गायन हो। यह निर्देश ऐसे समय में आया है जब मद्रास उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन (एमएमबीए ) की मदुरै पीठ ने समारोह से तमिल थाई वाज़्थु (राय गीत) को हटाए जाने पर आपत्ति जताई है। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय केंद्र सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान 2026 के तहत जारी परामर्श के आधार पर लिया गया है, जो वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह अभियान देश भर में नौ से 17 अगस्त तक मनाया जा रहा है।

अधिसूचना के अनुसार, चेन्नई में मद्रास उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ, मदुरै पीठ, तमिलनाडु राय न्यायिक अकादमी, मदुरै और कोयंबटूर में इसके क्षेत्रीय केंद्रों, जिला न्यायपालिका इकाइयों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में स्वतंत्रता दिवस समारोह में वंदे मातरम का गायन या वादन होगा। अधिसूचना में कहा गया है, इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान 2026 के तहत जारी परामर्श के आधार पर, मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा चेन्नई में मुख्य पीठ, मदुरै में पीठ , चेन्नई में तमिलनाडु राय न्यायिक अकादमी, मदुरै और कोयंबटूर में क्षेत्रीय केंद्र, जिला न्यायपालिका इकाइयों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन/वादन शामिल होगा। यह निर्देश तमिलनाडु विधानसभा द्वारा 10 अगस्त को पारित उस प्रस्ताव के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें कहा गया था कि सभी सरकारी कार्यक्रमों में राय गीत तमिल थाई वाज़्थु सबसे पहले गाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही, मद्रास हाई कोर्ट परिसर में 15 नवनियुक्त न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत तमिल थाई वाज़्थु के साथ हुई थी।

इस बीच, मदुरै पीठ के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सी. अरुल वैदेवल ने कहा, हमें यह जानकर हैरानी हुई कि अधिसूचना में तमिल थाई वाज़्थु को शामिल नहीं किया गया है, जबकि तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में 12 अगस्त को एक सरकारी आदेश (जीओ) जारी कर सभी शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के लिए सबसे पहले तमिल थाई वाज़्थु गाना अनिवार्य कर दिया था। रजिस्ट्रार जनरल को दिए गए अपने ज्ञापन में एमएमबीए ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक हालिया पत्र का भी ज़िक्र किया, जिसमें साफ़ तौर पर कहा गया था कि उच्च न्यायालय में तमिल थाई वाज़्थु बजाने या गाने पर कोई रोक नहीं है।

## भाजपा के राजनीतिक दबाव में मेरा व्हाट्सऐप खाता बंद किया गया : अजय राय

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार की नीतियों, घोटालों और नाकामियों के खिलाफ आवाज उठाने के कारण उनके खिलाफ डिजिटल माध्यम से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक दबाव में उनका व्हाट्सऐप खाता प्रतिबंधित कर दिया गया है और उन्हें खाते की समीक्षा कराने का अधिकार भी नहीं दिया जा रहा है। श्री राय ने शुक्रवार को फेसबुक पोस्ट में कहा ,भाजपा सरकार की नीतियों और उसकी नाकामियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाने की उन्हें सजा दी जा रही है। भाजपा के राजनीतिक दबाव में उनका व्हाट्सऐप खाता बंद किया गया है। मेरे खाते को प्रतिबंधित किए जाने के साथ ही समीक्षा का अधिकार भी छीन लिया गया है। भाजपा चाहे जितने डिजिटल हथकंडे अपना ले, कांग्रेस जनता की लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेगी। कांग्रेस जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर संसद तक लगातार उठाती रहेगी और सरकार की नीतियों पर सवाल करती रहेगी। श्री राय ने व्हाट्सऐप और मेटा से उनके खाते को तत्काल बहाल करने की मांग की। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों पर किसी की आवाज को दबाने की कोशिश लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। अजय राय ने अपनी फेसबुक पोस्ट में भाजपा को बेनकाब करने, व्हाट्सऐप प्रतिबंध और 'उत्तर प्रदेश कांग्रेस' से जुड़े हैशटैग का भी इस्तेमाल किया।

## खाड़ी देशों में की नौकरी से बेहतर भारतीय सेना में सेवा, नेपाली युवाओं ने की अग्निवीर भर्ती बहाल करने की मांग

काठमांडू

नेपाल के पोखरा शहर में इस सप्ताह नेपाली युवाओं, पूर्व गोरखा सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने मिलकर एक बड़ा प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के तहत नेपाली नागरिकों की भर्ती को फिर से शुरू करवाना है। भारत और नेपाल के बीच गोरखा सैनिकों की भर्ती दोनों देशों के बीच के पुराने और मजबूत संबंधों में से एक रही है।

हालांकि साल 2019 से ही ये भर्तियां रुकी हुई हैं, जिसकी शुरुआत सबसे पहले कोरोना महामारी के कारण हुई थी। इसके बाद साल 2022 में भारत सरकार ने अग्निपथ योजना शुरू की, जिसके बाद नेपाल सरकार ने इन भर्तियों पर रोक लगा दी थी।



बता दें कि भारत सरकार की ओर से शुरू किए गए अग्निपथ योजना के तहत केवल 25 प्रतिशत सैनिकों को ही चार साल बाद पक्की नौकरी के लिए रखा जाता है। बाकी 75 प्रतिशत युवाओं को एकमुश्त पैसा देकर सेवामुक्त कर दिया जाता है, जिन्हें पेंशन या अन्य लंबी अवधि के लाभ नहीं मिलते। फिर क्या, नेपाली सरकार ने भर्ती रोकने का फैसला किया। नेपाल सरकार का तर्क है कि यह योजना भारत, नेपाल और ब्रिटेन के बीच हुए 1947 के त्रिपक्षीय समझौते के नियमों के खिलाफ है।

इस बात को ऐसे समझिए कि नेपाल में रोजगार के अवसर काफी सीमित हैं, इसलिए वहां के युवा भारतीय सेना में शामिल होकर अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि खाड़ी देशों में जाकर काम करने से कहीं बेहतर है कि नेपाली युवा भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में देश की सेवा करें। युवाओं और पूर्व सैनिकों की मांग है कि गोरखा सैनिकों की पुरानी परंपरा और पहचान को बचाने के लिए भर्ती प्रक्रिया को तुरंत खोला जाए। प्रदर्शनकारियों ने यह मांग भी उठाई कि पूर्व सैनिकों के संगठनों के रजिस्ट्रेशन पर रोक न लगाई जाए, ताकि वे पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा कर सकें।

गौरतलब है कि इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पोखरा स्टेडियम से एक रैली निकाली गई जो जिला प्रशासन कार्यालय तक गई। वहां आयोजकों ने कास्की के मुख्य जिला अधिकारी को अपनी मांगों से जुड़ा एक ज्ञापन सौंपा।

## जापान : रिकॉर्ड बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ से 8 लोगों की मौत

**टोक्यो/चिबा, (वार्ता)।** जापान के चिबा प्रांत में रिकॉर्ड बारिश के बाद भूस्खलन और बाढ़ के कारण कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, शनिवार तक कुछ प्रांतों में अधिक भारी बारिश का खतरा बना हुआ है। अगले 24 घंटों में कांतो इलाके में 100 मिमी तक बारिश होने का अनुमान है, जबकि नागानो, यामानाशी और इज़ू द्वीपों में 80 मिमी तक बारिश होने की संभावना है। इससे पहले जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने चिबा के 22 नगरपालिकाओं के लिए आपातकालीन चेतावनी को शुक्रवार तड़के हटा दिया, क्योंकि भारी बारिश की तीव्रता कम हो गई है। हालांकि, कुछ जगहों पर भूस्खलन के लिए उच्च की चेतावनी अभी भी लागू है, जिसमें लोगों को खतरनाक स्थानों से सुरक्षित निकलने की सलाह दी गई है। जापान टाइम्स के अनुसार चिबा प्रांत के आपदा विभाग ने सोशल मीडिया पर कहा, आज फिर भारी बारिश की संभावना है। जब तक बहुत आवश्यक न हो, बाहर निकलने से बचें। इसके साथ ही जलमग्न सड़कों पर वाहन चलाने के खतरों के प्रति आगाह करते हुए कहा गया कि जलभराव में गाड़ियां बंद हो सकती हैं और पानी के दबाव के कारण दरवाजे खोलना मुश्किल हो सकता है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इचिकावा, साकुरा और याचियो शहरों में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें एक 66 वर्षीया महिला भी शामिल है, जो जलमग्न सड़क पर कार के अंदर फंसने के कारण डूब गई। चिबा में गुरुवार शाम से ही भीषण बारिश हो रही थी। चिबा शहर के चुओ वार्ड में 12 घंटों में 367 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो इस शहर में एक महीने में होने वाली सामान्य बारिश से तीन गुना अधिक है।



इस भारी तबाही के कारण पूरे प्रांत में व्यापक व्यवधान पैदा हुआ है। बचाव दल ने करीब 4,000 लोगों को चिबा प्रांतीय सांस्कृतिक हॉल में बने अस्थायी आश्रय स्थल तक पहुंचाया है। वहीं, ट्रेन और बस सेवाएं निलंबित होने के कारण नरीता हवाई अड्डे पर रात भर लगभग 7,000 यात्री फंसे रहे। शुक्रवार को सेवाएं धीरे-धीरे बहाल होने के बाद ट्रेन स्टेशनों पर यात्रियों की लंबी कतारें देखी गईं।

ईस्ट जापान रेलवे ने शुक्रवार सुबह कई लाइनों पर सेवाएं रद्द या कम कर दीं, जबकि अन्य लाइनों पर देरी की खबरें भी मिलीं। एक्सप्रेसवे ऑपरेटर ने भूस्खलन के कारण सड़कों को बंद किए जाने की जानकारी दी है। इसके अलावा, शुक्रवार शाम 5 बजे तक चिबा में लगभग 18,500 घरों की बिजली आपूर्ति ठप रही। अधिकारी निवासियों से भूस्खलन, उफनती नदियों और निचले इलाकों में जलभराव को लेकर सतर्क रहने की अपील की है।

## पानी की एक-एक बूंद हमारे लिए रेड लाइन, सिंधु जल समझौते पर शहबाज शरीफ की गीदड़भभकी

इस्लामाबाद

एक तरफ भुखमरी, कंगहाली और बदहाली से जूझता पाकिस्तान दुनियाभर में कटोरा लेकर घूम रहा है, तो दूसरी तरफ उसकी अकड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। खाने को अन्न और पीने को साफ पानी तक नहीं मिलने के बावजूद, नापाक पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। अब इस बात में तो कोई दोहराई नहीं है कि भारत द्वारा 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित किए जाने के बाद से पाकिस्तान बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। ऐसे में हताशा और बौखलाहट पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बयान से तब साफ-साफ झलकी, जब सिंधु जल संधि को लेकर शरीफ ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की। इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गीदड़भभकी देते हुए भारत को चेतावनी देने तक की हिमाकत कर ली। शरीफ ने कहा कि संधि के तहत पाकिस्तान के जल अधिकारों पर आंच नहीं आनी चाहिए और पाकिस्तान के पानी की हर एक बूंद हमारे लिए एक रेड लाइन है।



अच्छा, इतना ही नहीं आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान के पीएम ने शांति का ढोंग रचते हुए यहां तक कह दिया कि उनकी शांति की इच्छा को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए और वे अपनी संप्रभुता को चुनौती दिए जाने पर कड़ा जवाब देंगे। उन्होंने भारत पर शांति का दुश्मन होने का झूठा आरोप भी लगाया।

गौरतलब है कि साल 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के इस्तेमाल को लेकर एक समझौता हुआ था। इसके तहत भारत को 20% और पाकिस्तान को 80% पानी का अधिकार मिला। पश्चिमी नदियां सिंधु, झेलम और चेनाब पाकिस्तान को और पूर्वी नदियां रावी, व्यास और सतलुज भारत को आवंटित की गईं।

इसके बाद अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। इस कायराना हमले के पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों का हाथ होने के कारण, भारत ने कड़ा कदम उठाते हुए इस संधि को स्थगित कर दिया है। संधि के निलंबन के बाद भारत ने इन तीन नदियों के जलस्तर का डेटा पाकिस्तान के साथ साझा करना बंद कर दिया है। मानसून के दौरान भारत द्वारा दी जाने वाली जलस्तर की शुरुआती चेतावनियों से पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद मिलती थी। डेटा बंद होने से पाकिस्तान की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

### रानी मुखर्जी को ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने मानद डॉक्टरेट से किया सम्मानित



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रानी मुखर्जी को ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने भारतीय सिनेमा में करीब तीन दशक के उल्लेखनीय योगदान तथा महिलाओं, बच्चों और वंचित समुदायों के लिए उनके निरंतर कार्य के लिए मानद डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट.) की उपाधि से सम्मानित किया है।रानी को यह सम्मान 14 अगस्त को मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वेयर में आयोजित विशेष समारोह में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2026 के दौरान प्रदान किया गया। इस सम्मान के साथ रानी मुखर्जी शाहरुख खान के बाद ला ट्रोब यूनिवर्सिटी से मानद डॉक्टरेट पाने वाली दूसरी भारतीय फिल्म हस्ती बन गई हैं। विश्वविद्यालय ने 2019 में शाहरुख खान को उनके परोपकारी कार्यों और भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए सम्मानित किया था। सम्मान स्वीकार करते हुए रानी मुखर्जी ने कहा, ला ट्रोब यूनिवर्सिटी से मानद डॉक्टरेट प्राप्त करना मेरी जिंदगी के सबसे विनम्र और भावुक पलों में से एक है। जब मैं छोटी बच्ची थी, तो हर किसी की तरह मेरा भी सपना था कि मैं अपने परिवार और अपने देश को गौरवान्वित करूं। मुझे नहीं पता था कि यह कैसे होगा, लेकिन मुझे पता था कि अगर मैं किसी चीज में पूरी मेहनत से अच्छा बनने की कोशिश करूंगी, तो मेरे माता-पिता खुश होंगे। सिनेमा उस सपने को पूरा करने का माध्यम बन गया।अपने करियर में जोखिम लेने और फिल्मों के चुनाव को लेकर रानी ने कहा, मैं अपने करियर की शुरुआत से ही जोखिम लेने वाली रही हूं। मैंने हमेशा ऐसी फिल्मों को चुना, जिन्होंने सबसे पहले मेरे दिल पर असर किया। ऐसी कहानी जिसे बताया जाना जरूरी हो, ऐसी कहानी जो लोगों को प्रेरित और सशक्त करे।उन्होंने कहा, मैंने हमेशा चुपचाप ऐसी फिल्मों के जरिए भारत की सशक्त लड़कियों और महिलाओं को प्रस्तुत करने की कोशिश की है, जिनका दिल सही जगह पर हो। जरूरतमंद लोगों और तत्काल सहायता की तलाश करने वालों के लिए मैं जो काम करती हूं, उसे लेकर भी मैं उतनी ही भावुक हूं। फिल्मों की ताकत और कलाकारों की जिम्मेदारी पर रानी ने कहा, मैं हमेशा से मानती आई हूं कि फिल्में लोगों के विचार बदलने से पहले उनके दिल बदल सकती हैं। इसलिए यह सम्मान मेरे लिए शब्दों में व्यक्त करने से कहीं अधिक मायने रखता है।उन्होंने कहा, हर कलाकार की जिम्मेदारी सिर्फ प्रदर्शन या अभिनय तक सीमित नहीं होती। ला ट्रोब यूनिवर्सिटी के चांसलर जॉन ब्रमबी ने कहा, रानी मुखर्जी के उल्लेखनीय कार्य ने मनोरंजन की सीमाओं को पार करते हुए सामाजिक न्याय, समानता और समावेश जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चाओं को जन्म दिया है। मानवतावादी कार्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता उन्हें इस मानद डॉक्टरेट के लिए एक असाधारण योग्य प्राप्तकर्ता बनाती है। आईएफएफएम की फेस्टिवल डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने कहा कि यह सम्मान रानी की कलात्मक उत्कृष्टता के साथ-साथ कहानी कहने की उस शक्ति का भी सम्मान है, जो देशों और संस्कृतियों के बीच पुल बनाने में सक्षम है।

### टॉक्सिक' में कम्फर्ट जोन से बाहर निकालने के लिए यश ने गीतू मोहनदास को दिया श्रेय



फिल्म 'टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के म्यूजिक लॉन्च के दौरान रॉकिंग स्टार यश ने फिल्म की निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ काम करने के अनुभव साझा किए। यश ने गीतू को उन्हें अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकालने और एक अभिनेता के रूप में अपने अलग पहलुओं को तलाशने के लिए प्रेरित करने का श्रेय दिया। गीतू के बारे में बात करते हुए यश ने कहा कि वह देखने में थोड़ी सख्त लगती हैं, लेकिन वास्तव में बेहद खुशमिजाज हैं। उन्होंने कहा, वो देखने में थोड़ी स्ट्रिक्ट लगती हैं, लेकिन वो बहुत, बहुत जोवियल हैं। सेट पर जिस तरह से वो सबके लिए एटमॉस्फियर क्रिएट करती हैं, मुझे लगता है कि उन्होंने हम सभी को पुश किया है। खासकर मेरे लिए, उन्होंने मुझे पुश किया, मुझसे इंग्लिश में लाइन्स लर्न करवाईं। यश ने कहा कि गीतू ने उन्हें एक परफॉर्मर के तौर पर बेहतर बनाने और ऐसा किरदार निभाने में मदद की, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं निभाया था। उन्होंने कहा, जिस तरह का कैरेक्टर मैंने प्ले किया है, जिस तरह का एक्टर मैं आज हूं, मुझे लगता है कि एक्टर के तौर पर मुझे पुश करने के लिए मुझे गीतू को सच में थैंक यू कहना चाहिए। निर्देशक के विजन पर भरोसा करने के महत्व पर जोर देते हुए यश ने कहा कि उनके लिए गीतू पर विश्वास रखना जरूरी था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आपके लिए अपने डायरेक्टर पर फेथ रखना बहुत जरूरी है। मैंने वो फेथ रखा, इसलिए मुझे लगता है कि आपने इस मूवी में एक अलग तरह के यश को देखा है। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी 'टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में यश, नयनतारा, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी समेत कई कलाकार नजर आएंगे।

### नंदिता रॉय-शिबोपप्रसाद मुखर्जी की फिल्म में नजर आयेंगे मिथुन चक्रवर्ती



दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती 2027 में निर्देशक जोड़ी नंदिता रॉय और शिबोपप्रसाद मुखर्जी की आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म विंडोज प्रोडक्शन हाउस के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बनाई जा रही विशेष फिल्मों में शामिल होगी। मिथुन चक्रवर्ती के साथ काम करना शिबोपप्रसाद मुखर्जी का लंबे समय से देखा हुआ सपना है। बचपन से मिथुन के अभिनय से प्रभावित रहे शिबोपप्रसाद ने 'मृगया', 'दो अनजाने', 'अग्निपथ', 'डिस्को डांसर' और 'डांस डांस' जैसी फिल्मों में उनके यादगार किरदारों को सराहा है।

शिबोपप्रसाद ने कहा, हर किसी के कुछ सपने होते हैं। वे बहुत छोटी उम्र से ही हमारे दिल में चुपचाप जगह बना लेते हैं। मेरा भी एक ऐसा ही सपना था कि किसी दिन मुझे मिथुन चक्रवर्ती के साथ काम करने का मौका मिले। उन्होंने बताया कि मिथुन से मुलाकात के दौरान जब उन्होंने उन्हें फिल्म की कहानी सुनाई तो कहानी खत्म होने के बाद अभिनेता ने उनका हाथ मिलाया और कहा, आपने बिल्कुल सही कहानी पकड़ी है! यही मेरी जिंदगी की कहानी है। शिबोपप्रसाद के लिए यह पल सिर्फ एक पेशेवर सहयोग नहीं था। उन्होंने कहा, मेरे अंदर कहीं न कहीं वह छोटा-सा बच्चा आज भी चुपचाप बैठा हुआ था और सुन रहा था। जिस शख्स को मैंने बचपन से पर्दे पर देखा और पसंद किया, उससे ये शब्द सुनना मेरे लिए बेहद भावुक कर देने वाला पल था। उन्होंने अमेरिका में मिथुन चक्रवर्ती के साथ हुई पुरानी बातचीत को भी याद किया। शिबोपप्रसाद के अनुसार , उन्होंने फोन पर अपना परिचय देने के बाद अभिनेता को एक वॉयस नोट भेजा था। उसे सुनने के बाद मिथुन ने उन्हें फोन कर कहा, शिबू! तुम मुझे अपने बारे में इतना लंबा परिचय क्यों दे रहे हो? मैं काम करने के लिए तैयार हूं! शिबोपप्रसाद ने कहा कि अब वर्षों से देखा उनका सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा, आज सब कुछ फाइनल हो चुका है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दादा बिल्कुल अच्छे हैं। बस कुछ और दिन इंतजार करना है। उसके बाद वर्षों से देखा हुआ मेरा सपना हकीकत बन जाएगा। आखिरकार, मैं, नंदिता दी और मिथुन चक्रवर्ती साथ काम कर रहे हैं। नंदिता रॉय और शिबोपप्रसाद मुखर्जी की यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। विंडोज प्रोडक्शन हाउस और मिथुन चक्रवर्ती पहली बार इस प्रोजेक्ट के जरिए साथ आ रहे हैं। कंपनी के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह फिल्म उसके सफर का एक खास अध्याय मानी जा रही है।

# तिरंगा यात्रा ने जन-जन को दिया देशभक्ति का संदेश




### झमाझम बारिश के बीच निकली तिरंगा यात्रा में देशप्रेमियों के हौसलों से हारी बारिश

### फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से निकली भव्य तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का उमड़ा जनसैलाब

कटनी (स्वतंत्रमत)।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को फारेस्टर प्ले ग्राउंड पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम पूरी तरह तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया। जहां बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच राष्ट्रीय ध्वज की आन, बान और शान तथा देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा पदयात्रा के आयोजन में हजारों छात्र-छात्राओं, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों सहित शासकीय कर्मी, तिरंगा पदयात्रा में शामिल हुए। तिरंगा पद यात्रा का शुभारंभ खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। तिरंगा यात्रा के दौरान विधायक मुड़वारा संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, बडवारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर प्रीति संजीव सूरी, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, प्रदेश भाजपा के महामंत्री राहुल कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम बहोरीबंद प्रदीप कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों की सहभागिता रही। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पंडित दीनदयाल स्टेडियम फारेस्टर प्ले ग्राउंड से किया गया। यह यात्रा स्टेट बैंक तिराहा, गाँधी द्वार, जैन मंदिर, खेरमाई मंदिर, घंटाघर, सराफा कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, मोहन टॉकीज से होते हुए वापस फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड पहुंची, जहां तिरंगा यात्रा का समापन किया गया और राष्ट्र गीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ। विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान उमड़े जनसैलाब से समूचा शहर तिरंगामय रहा। जहां हाथों में लहराते तिरंगों के बीच भारत माता और अमर शहीदों के गगनभेदी नारों और बैंड-बाजों की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को देश प्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। इस दौरान पूरी यात्रा में देशभक्ति का सैलाब नज़र आया और वंदे मातरम तथा भारत माता की जय के नारों से सम्पूर्ण रैली मार्ग गूंज उठा।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# फ्रेंडशिप डे एवं हरियाली तीज महोत्सव में दिखा नारी शक्ति का उत्साह



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सर्वशक्ति महिला सेवा समिति वूमेन पावर ग्रुप द्वारा फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेशन एवं हरियाली तीज महोत्सव का भव्य आयोजन 12 अगस्त को राज पैलेस, कटनी में समिति की संस्थापिका अध्यक्ष माही वीरेन तिवारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में समिति की चारों शाखाओं की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर नारी शक्ति, मित्रता एवं भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कटनी की महारानी मां जालपा कालका शारदा एवं बांके बिहारी को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं सावन सुंदरी प्रतियोगिता की निर्णायक अनु श्रीवास्तव, कुमारी सौम्या रानधेलिया, स्वाति पाठक एवं प्रियंका गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी मुख्य अतिथियों एवं निर्णायकों का टीका-वंदन एवं सम्मान कर आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के पश्चात सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण सावन सुंदरी प्रतियोगिता रही, जिसमें 40 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में रैंप वॉक तथा द्वितीय चरण में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं सावन की थीम पर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में सोनम सोनी ने सावन सुंदरी का खिताब अपने नाम किया। सेकंड रनर-अप योगिता त्रिसोलिया, ओवरऑल परफेक्ट रीना श्रीवास्तव, बेस्ट स्माइल पूजा गुप्ता, बेस्ट यूनिक ड्रेस-अप श्रद्धा पांडे तथा भारतीय महिला प्रधान सुनीता नायक रहीं।

## विधायक निवास पर आयोजित हुई जनसुनवाई में 192 आवेदनों पर सुनी आमजनों की समस्याएं

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा प्रत्येक गुरुवार को विधायक निवास पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह 192 आवेदन प्राप्त हुए। जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगें श्री पटेल के समक्ष रखीं। उन्होंने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा कई मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान कराया जनसुनवाई अब आमजन और जनप्रतिनिधि के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त माध्यम बनती जा रही है। बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर यहां पहुंचते हैं। त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और सकारात्मक पहल के कारण लोगों का जनसुनवाई के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है इस अवसर पर जालम सिंह पटेल ने कहा कि जनता की समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस सप्ताह आयोजित जनसुनवाई में कुल 192 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कई प्रकरणों को संबंधित विभागों को तत्काल भेजा गया है, जबकि अनेक मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।जनसुनवाई में जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

## छात्रों ने केंद्रीय एवं राज्य नेतृत्व से लिया प्रेरणादायक मार्गदर्शन

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

चावरा विद्यापीठ, नरसिंहपुर के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं नरसिंहपुर विधायक श्री प्रह्लाद सिंह पटेल से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री पटेल पूर्व में भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं तथा संसद में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उनसे नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण, शिक्षा एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया। श्री पटेल ने विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करते हुए जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री श्री जालम सिंह पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का संदेश दिया।विद्यालय के प्राचार्य रेव. फा. वर्गीस एम. वी. ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे प्रेरणादायक संवाद विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें कक्षा के बाहर भी सीखने और समझने का अवसर प्रदान करते हैं।यह संवाद सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा तथा सभी ने इसे एक अविस्मरणीय अनुभव के रूप में संजोया।

# कलेक्टर करेंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण

### हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह महात्मा गांधी स्टेडियम, शहडोल में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर पार्थ जायसवाल होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8:59 बजे मुख्य अतिथि कलेक्टर पार्थ जायसवाल का समारोह स्थल पर आगमन होगा। इसके पश्चात प्रातः 9:00 बजे राष्ट्रगीत का गायन होगा। प्रातः 9:04 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा राष्ट्रगान के साथ परेड द्वारा सलामी दी जाएगी। प्रातः 9:07 बजे परेड का निरीक्षण एवं मार्च पास्ट आयोजित होगा। इसके बाद प्रातः 9:30 बजे मुख्यमंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रातः 10:00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 10:05 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रातः 10:30 बजे पुरस्कार वितरण किया जाएगा। प्रातः 10:40 बजे राष्ट्रगीत का गायन होगा तथा प्रातः 10:45 बजे स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का समापन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय, व्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, शिक्षक, गणमान्य नागरिक एवं आमजन सहभागिता करेंगे।

### गर्भवती माताओं का फ़ॉलोअप कर आवश्यकतानुसार करें उपचार

**शहडोल।** कलेक्टर पार्थ जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य केंद्र कौआसरई का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं का निरंतर फॉलो अप किया जाए एवं आवश्यकता के अनुसार उनका उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने ओपीडी रजिस्टर, डायबिटीज जांच, हीमोग्लोबिन की जांच, ए एन सी टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिए की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध रहे।




## स्वतंत्रता दिवस का महापर्व, कैबिनेट मंत्री आज करेंगी ध्वजारोहण

